हरिभूमि
# सिरसा-फतेहाबाद भूमि
रोहतक, मंगलवार, 25 फरवरी 2025

11 राजकीय कॉलेज में एथलेटिक मीट का आयोजन



12 नेशनल कब-बुलबुल उत्सव में फतेहाबाद के विद्यार्थी छाए...



## खबर संक्षेप

### 15.79 ग्राम हेरोइन सहित तीन गिरफ्तार

**सिरसा।** सीआईए ऐलनाबाद व एंटी नारकोटिक्स सेल सिरसा की पुलिस टीमों ने गश्त व चैकिंग के दौरान अलग-अलग जगहों से तीन युवकों को 15 ग्राम 79 मिलीग्राम हैरोइन सहित गिरफ्तार किया है। सीआईए ऐलनाबाद प्रभारी उप निरीक्षक जगदीश चंद्र ने बताया थाना की एक पुलिस टीम गश्त व चैकिंग के दौरान वार्ड नंबर 13 रानियां क्षेत्र में मौजूद थी। इसी दौरान पुलिस पार्टी को सामने से एक युवक आता हुआ दिखाई दिया। उक्त युवक सामने पुलिस की गाड़ी को देखकर अचानक वापस मुडक़र तेज कदमों से चलकर भागने का प्रयास करने लगा।

### शांति निकेतन स्कूल में प्रतियोगिता आयोजित

**भूना।** शांति निकेतन सीनियर सेकेंडरी स्कूल में सोमवार को यूनिफॉर्म और बैग सजाओ प्रतियोगिता हुई। सभी कक्षाओं के विद्यार्थियों ने उत्साह से भाग लिया। बच्चों ने अपनी किताबों को सुंदर चार्ट से सजाया। अध्यापकों ने विद्यार्थियों की शारीरिक सफाई, बैग और पुस्तकों की जांच की। विद्यालय में नर्सरी कक्षा में मन्नू और नयांश, केजी में सनैया और भाविक, पहली में सानवी और अवनी, दूसरी में धैर्य, पांचवी में रूहानिका और आठवीं में पायल व प्रांजल ने पहला और दूसरा स्थान हासिल किया।

### सुखचैन नहर पर सुरक्षा दीवार बनाने की मांग

**रतिया।** राम नगर कॉलोनी वार्ड नंबर 14 में कॉलोनी वासियों ने सुखचैन नहर के किनारे सुरक्षा दीवार बनाने की मांग की है। कालोनीवासियों ने वार्ड के पार्षद गुरप्रीत गोपी की अगुवाई में प्रशासन के खिलाफ रोष व्यक्त करते हुए कहा कि राम नगर कॉलोनी वार्ड नंबर 14 में पिछले लंबे से समय से फतेहाबाद रोड सुखचैन नहर गुजरती है जो उनके वार्ड की सडक़ के आसपास ही जाती है। इसके ऊपर बनी हुई पुली की सुरक्षा दीवार टूटी पड़ी है। इस रास्ते से स्कूली विद्यार्थी जाखन दादी स्कूल में जाते हैं व आमजन भी इस रस्ते से होकर गुजरते है।

### हथियारों के साथ फोटो डालने पर केस दर्ज

**सिरसा।** हथियारों के साथ सोशल मीडिया पर फोटो डालने पर पुलिस ने ढुढियांवाली निवासी रजत मुंजाल पर केस दर्ज किया है। उल्लेखनीय है कि सरकार की ओर से लगातार सोशल मीडिया पर निगरानी की जा रही है, जिसके तहत फोटो के साथ हथियारों की फोटो डालने पर कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में मॉनिटरिंग में सामने आया कि गांव ढुडियांवाली निवासी रजत मुंजाल ने इंस्टाग्राम आईडी पर हथियारों के साथ फोटो डाल रखी थी, जिसपर तुरंत कार्रवाई करते हुए पुलिस प्रशासन ने उसके खिलाफ केस दर्ज किया गया है।

### हेरोइन सहित फतेहाबाद के युवक को किया काबू

**फतेहाबाद।** एसपी श्रीमती आस्था मोदी द्वारा नशा तस्करों की धरपकड़ को लेकर दिए गए निर्देशों पर कार्रवाई करते हुए थाना भट्टूकलां पुलिस ने एक युवक को हेरोइन सहित गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है। पकड़े गए युवक की पहचान सन्नी पुत्र सुभाष निवासी काठ मण्डी, बीघड़ रोड, फतेहाबाद के रूप में हुई है। थाना भट्टूकलां प्रभारी एसआई कुलदीप सिंह ने बताया कि पुलिस टीम एएसआई कैलाश चन्द्र के नेतृत्व में नशा तस्करों की धरपकड़ को लेकर गश्त पर थी तो उन्हें सूचना मिली कि सन्नी नामक युवक हेरोइन बेचने का काम करता है और वह नशीला पदार्थ लेकर भट्टूकलां में शमशान घाट रोड पर खड़ा है। इस सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची तो वहां खड़ा एक युवक पुलिस की गाड़ी को देखकर घबरा गया।

---

### जिला स्तरीय कार्यक्रम में पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने की शिरकत

# किसान सम्मान निधि : 90401 किसानों के खातों में ट्रांसफर हुए 18.08 करोड़ रुपये

■ पीएम नरेन्द्र मोदी ने आज ही के दिन 2019 में किसान सम्मान निधि योजना का किया शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद



फतेहाबाद। पीएम सम्मान निधि योजना के लाभार्थी किसानों को सम्मानित करते कैबिनेट मंत्री कृष्ण लाल पंवार। फोटो : हरिभूमि

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को बिहार के भागलपुर से प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत लाभार्थी किसानों के खातों में राशि स्थानांतरित की। इस कार्यक्रम का सीधा प्रसारण जिला स्तर पर भी किया गया। लघु सचिवालय के सभागार में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेश के विकास एवं पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार रहे। इस अवसर पर विकास एवं पंचायत मंत्री ने जिला के किसानो को प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित भी किया। इस योजना के तहत जिले के 90401 किसानों के खाते में 18 करोड़ 8 लाख रुपये की राशि मौके पर ही ट्रांसफर कर दी गई।

कैबिनेट मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने कहा कि पीएम नरेन्द्र मोदी ने आज ही के दिन 2019 में किसान सम्मान निधि योजना का शुभारंभ किया था। इस योजना के तहत साल में 3 बार किसान को 2-2 हजार रुपये की राशि उनके खाते में डाली जाती है यानि कि एक किसान को सालभर में सरकार द्वारा 6 हजार रुपये दिए जाते हैं। वर्ष 2019 में जब यह योजना आरंभ हुई थी तो जिले के 1 लाख 1 हजार 863 किसानों ने अपना पंजीकरण करवाया। उस समय इन किसानों को 20 करोड़ 37 लाख रुपये ट्रांसफर किए गए। 19वीं किस्त के लिए 90401 किसानों को लाभ मिला, जिन्हें 18 करोड़ 8 लाख का लाभ मिला। अब तब इस योजना के तहत जिले में 295 करोड़ 54 लाख रुपये किसानों को वितरित किए जा चुके हैं। जिला स्तरीय कार्यक्रम में किसानो को संबोधित करते हुए कैबिनेट मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने कहा कि देश और प्रदेश की सरकार किसानों के हित में कार्य कर रही है और उनके कल्याण हेतु अनेक नीतियां लागू की गई हैं। उन्होंने बताया कि प्रदेश सरकार वर्तमान में 24 फसलों को न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीद रही है और भावांतर भरपाई योजना के तहत फसलों की एमएसपी की भरपाई भी कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार किसानों के हितों के प्रति संवेदनशील है और किसानों के कल्याण के लिए काम कर रही है। प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी भी केंद्र सरकार की तर्ज पर ही किसानो के हितों का ख्याल रखते हुए किसानों को आगे बढ़ा रहे है। इस अवसर पर अतिरिक्त उपायुक्त अनुराग ढालिया, सीईओ सुरेश कुमार, जिला परिषद की अध्यक्ष सुमन खीचड़, अशोक जाखड़, एसई ओपी बिश्नोई, डीएसपी जयपाल सिंह, डीडीए डॉ राजेश सिहाग, एसडीओ राजेश सैन सहित बड़ी संख्या में अधिकारी और जिला के किसान मौजूद रहे।

---



फतेहाबाद। खाली पड़ा ई-दिशा केन्द्र।

## तहसीलदार का पद खाली — नायब तहसीलदार छुट्टी पर नहीं हुई एक भी रजिस्ट्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

फतेहाबाद ई-दिशा में सोमवार को जमीन व प्लाटों की एक भी रजिस्ट्री नहीं हो सकी। दूर-दराज के गांवों व कस्बों से रजिस्ट्री को लेकर तहसील कार्यालय में आए ग्रामीणों को बैरंग लौटना पड़ा। दरअसल, फतेहाबाद में तहसीलदार का पद काफी समय से खाली है। नायब तहसीलदार आशीष कुमार के साले की शादी है, जिस कारण वह छुट्टी पर हैं। तीन दिन बाद सोमवार को कार्यालय खुला तो कार्यालय में नायब तहसीलदार को न पाकर लोगों को काफी निराशा हुई। हालांकि इस दौरान ई-दिशा और तहसील कार्यालय के सभी कर्मचारी अपनी सीटों पर नजर आए लेकिन नायब तहसीलदार की मौजूदगी के बिना रजिस्ट्री नहीं हो सकती, जिस कारण ग्रामीणों को निराश होकर वापस लौटना पड़ा। डीआरओ श्याम लाल ने कहा कि नायब तहसीलदार के अपने रिश्तेदार के विवाह-समारोह के चलते छुट्टी पर हैं। मंगलवार को रजिस्ट्रीयों का काम शुरू हो जाएगा।

ई-दिशा में सोमवार को रजिस्ट्री करवाने आए गांव भिरड़ाना के हरदीप सिंह व अहलीसदर के अवतार सिंह ने बताया कि उन्होंने अर्जी नवीस से आज रजिस्ट्री करवाने के लिए दस्तावेज तैयार करवा रखे थे। सुबह अपने परिजनों के साथ तहसील कार्यालय आए तो पता चला कि नायब तहसीलदार आशीष कुमार छुट्टी पर हैं। आज उन्हें मंगलवार को दोबारा आना पड़ेगा। ऐसे ही फतेहाबाद के प्रोपर्टी डीलर हरजीज बिसला व रवि कुमार ने बताया कि उन्होंने आज रजिस्ट्री करवाने के लिए चार रजिस्ट्रीयां लिखवा रखी है। नायब तहसीलदार के अचानक छुट्टी पर जाने से उनका सारा काम रूक गया। उन्होंने बताया कि आज उन्होंने खरीददारों से पैमेंट लेकर पार्टी को देनी थी, जिसका भुगतान बैंक द्वारा किया जाना है। इसके लिए उन्होंने सुबह स्टाम्प भी निकलवा लिए थे लेकिन आज उनका काम नहीं हो पाया।

---





फतेहाबाद। गांव खजूरी जाटी में आयोजित कथा में प्रवचन करते संत रामाचार्य व उपस्थित ग्रामीण। फोटो : हरिभूमि

## खजूरी में ग्रामीणों ने लिया मृत्युभोज पर रोक का फैसला

■ कथा समापन पर ग्रामीणों ने ली शपथ कमेटी का किया गठन, गांव में हुक्के पर भी प्रतिबंध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

गांव खजूरी जाटी में चल रही सात दिवसीय कथा का आज हवन के साथ समापन हुआ। कथा के अंतिम दिन कथावाचक संत श्री रामाचार्य जी, जैसला के बचनों का श्रद्धालुओं पर काफी असर नजर आया। इस कथा में बिश्नोई समाज के अलावा आस-पास के गांवों से काफी संख्या में लोगों ने भाग लिया।

कथा के समापन अवसर पर खास बात यह रही कि गांव व समाज से बुराईयों को खत्म करने के लिए गांव में एक कमेटी का गठन किया गया। महिलाओं ने भी पुरूषों के साथ हाथ उठाकर समाज व गांव से सामाजिक बुराईयों को खत्म करने की शपथ ली। गांव के लोगों ने संकल्प लिया कि आज के बाद हम ना तो मृत्यु भोज करेंगे और ना ही अगर कोई मृत्युभोज करता है तो उसके घर भोजन करने जाएंगे। ग्रामीणों ने बताया कि इस बुराई से गांव के बहुत से लोगों को बहुत आर्थिक नुकसान हुआ है। इसके अलावा ग्रामीणों ने फैसला लिया कि पूरे गांव में हुक्के पर पूरी तरह से प्रतिबंध रहेगा और कोई व्यक्ति इस फैसले का उल्लंघन करता है तो उसको दंडित किया जाएगा। इस अवसर पर ग्रामीणों ने हवन के समक्ष शपथ ली कि वह आगे से न तो स्वयं किसी प्रकार का नशा करेंगे और न ही दूसरों को करने देंगे। इस सत्संग से उन्हें अहसास हुआ कि नशा घर और शरीर दोनों का नाश करने वाला है। कमेटी सदस्यों ने फैसला लिया कि उनके गांव के अलावा आसपास के गांव में भी लोग अगर ऐसी पहल करते हैं तो कमेटी द्वारा उस गांव की हरसंभव मदद का प्रयास किया जाएगा। इस अवसर पर सरपंच सीताराम पूनियां, पूर्व सरपंच संजय मांझू, मंदिर प्रधान मनफूल सारण सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे।

---

## फतेहाबाद में आंगनबाड़ी वर्करों और हेल्परों ने किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद



फतेहाबाद। प्रदर्शन के बाद अधिकारी को मांग पत्र सौंपती आंगनबाड़ी वर्कर्स एंड हैल्पर्स यूनियन की पदाधिकारी।

जिलेभर के आंगनबाड़ी वर्करों एवं हैल्परों ने अपनी मांगों को लेकर सोमवार को उपायुक्त कार्यालय पर रोष प्रदर्शन किया। आंगनबाड़ी वर्कर्स एंड हैल्पर्स यूनियन के आह्वान पर वर्कर्स डीसी कार्यालय के बाहर पार्क में एकत्रित हुई और सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए उनकी मांगों का जल्द समाधान की मांग की। इसके बाद आंगनबाड़ी वर्करों ने परियोजना अधिकारी को मांग पत्र भी सौंपा। प्रदर्शन की अध्यक्षता जिला सचिव माया पूनियां पीलीमंदौरी ने की वहीं चालन पम्मी लालवास ने किया। मुख्य वक्ता के तौर पर सीटू जिला सचिव ओमप्रकाश अनेजा ने भाग लिया।

वर्कर्स को संबोधित करते हुए ओमप्रकाश अनेजा व माया पूनियां ने कहा कि नए पोषण ट्रेकर में काम करने में वर्कर्स को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इन परेशानियों को देखते हुए ट्रेकर पोषण एप को तुरंत बंद किया जाए। हड़ताल के दौरान बर्खास्त वर्करों और हैल्परों का मानदेय तुरंत प्रभाव से भुगतान किया जाए। आंदोलन के दौरान वर्करों व हैल्परों पर बने मुकदमें रद्द हो। आंगनबाड़ी केन्द्रों में राशन बनाने के लिए इस्तेमाल होने वाली गैस का पूरा पैसा उन्हें नहीं दिया जाता। उनकी मांग है कि गैस सिलैण्डर भी विभाग द्वारा भरवा कर आंगनबाड़ी केन्द्रों में भिजवाया जाए। वर्करों से सुपरवाइजरों की पदोन्नति बारे पत्र तुरंत जारी हो और हैल्पर व वर्कर्स के खाली पड़े पदों को भरा जाए। उन्होंने कहा कि आंगनबाड़ी केन्द्र को यदि क्रेच में तबदील किया जाता है तो केवल क्रेच का ही काम रहे। आंगनबाड़ी वर्कर्स को तीसरे व हैल्पर को चौथे दर्जे का कर्मचारी घोषित किया जाए तथा तब तक उन्हें 26 हजार रुपये न्यूनतम वेतन दिया जाए।

---

## सीएम नायब सैनी अंतिम चरण में 28 को पहुंचेंगे जाखल, जनसभा को करेंगे संबोधित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

जिले की जाखल नगरपालिका को लेकर 2 मार्च को होने वाले चुनावों को लेकर पूरा जाखल क्षेत्र चुनावी रंग में रंगा नजर आ रहा है। भाजपा ने यहां से जहां चेयरमैन पद के लिए सुरेन्द्र मित्तल को मैदान में उतारा है। उनका सीधा मुकाबला आजाद उम्मीदवार विकास कामरा के साथ है। हालांकि जाखल में कांग्रेस ने अपना उम्मीदवार नहीं उतारा है लेकिन टोहाना से कांग्रेस विधायक परमवीर सिंह खुलकर आजाद उम्मीदवार विकास कामरा को समर्थन दे रहे हैं, जिससे यहां मुकाबला रोचक हो गया है। चुनाव प्रचार के अंतिम दिन 28 फरवरी को सीएम नायब सिंह सैनी भी जाखल पहुंच रहे हैं। सीएम जाखल अनाज मण्डी में जनसभा को संबोधित कर सुरेन्द्र मित्तल के लिए वोटों की अपील करेंगे। भाजपा प्रत्याशी के चुनाव की जिम्मेदारी टोहाना के पूर्व विधायक और वर्तमान में राज्यसभा सांसद सुभाष बराला और पूर्व मंत्री देवेंद्र बबली पर है। भाजपा ने पूर्व मंत्री विशंभर वाल्मीकि को यहां चुनाव प्रभारी नियुक्त किया है।

---

## बाराती बनकर आए युवक ने वरमाला डालते दूल्हा दुल्हन का बनाया वीडियो, 4 युवकों ने की धुनाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

गांव चौबारा से जांडवाला बागड़ गई बारात में उस समय हंगामा हो गया जब वरमाला का वीडियो बना रहे एक बाराती पर कुछ युवकों ने हमला कर दिया। आरोप है कि हमलावरों ने युवक के साथ मारपीट कर जातिसूचक गालियां दी और उससे नकदी व मोबाइल भी छीन लिया। इस मामले में भट्टूकलां पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई गई है। पुलिस को दी शिकायत में गांव चौबारा निवासी रोहित ने कहा है कि उसके पड़ोसी संजय उर्फ सोनू की शादी गांव जांडवाला बागड़ में होनी थी। वह भी बारात में शामिल होकर अपने गांव चौबारा से गांव जाण्डवाला बागड़ में गया था। शाम को जब जांडवाला में वरमाला की रस्म चल रही थी तो उसने अपने मोबाइल फोन में इसकी वीडियो बनानी शुरू कर दी। इसी दौरान एक युवक उसके पास आया और उसके मोबाइल कवर में रखे 500-500 के 4 नोट छीन लिए। इसके बाद वह उसका कॉलर पकडक़र साइड में ले गया और उसके साथ हाथापाई करने लगा और पूछा कि वह किसकी वीडियो बना रहा है। रोहित ने कहा कि उसने कोई गलत वीडियो नहीं बनाई, अगर ऐतराज है तो वह इसे डिलीट कर दे। इसके बाद भी उक्त युवक नहीं माना और उसके तीन साथी वहां आ गए, जिन्होंने उस पर हमला कर दिया।

---

## टोहाना नप की बजट बैठक में पार्षदों ने किया हंगामा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

■ डोर टू डोर सफाई का मामला हो या, स्ट्रीट लाइट का, ठेकेदार जमकर कर रहे मनमानी

शहर में विकास कार्य करवाने को लेकर सोमवार को टोहाना नगरपरिषद कार्यालय में बुलाई गई बजट बैठक पार्षदों द्वारा किए गए हंगामे के भेंट चढ़ गई। पार्षदों ने विकास कार्यों में गड़बड़ी और अफसरशाही के हावी होने का आरोप लगाते हुए बखेड़ा खड़ा कर दिया। आरोप था कि नगरपरिषद के अधिकारी अपने चहेते पार्षदों से मिलकर नई सडक़ के ऊपर दूसरी सडक़ बनी दिखा देते हैं। डोर टू डोर सफाई का मामला हो या, स्ट्रीट लाइट का, ठेकेदार जमकर अपनी मनमानी कर रहे हैं। पार्षदों की एक नहीं सुनी जाती। इसको लेकर जैसे ही पार्षदों ने हंगामा शुरू किया तो अधिकारी ने आखिरकार बजट मीटिंग को रद्द कर दिया। बता दें कि टोहाना नगर परिषद कार्यालय में 2025 -26 वित्तवर्ष का बजट पास करने को लेकर पार्षदों की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता चेयरमैन नरेश बंसल ने की। इस दौरान पार्षदों ने विकास कार्यों में गड़बड़ी, डोर टू डोर टेंडर मामले की जांच, लाइट रिपेयरिंग कार्य में ढिलाई, ठेकेदारों का अफसर पर हैवी होने का आरोप लगाते हुए पार्षदों ने हंगामा कर दिया। पार्षद राम कुमार सैनी, जोनी मेहता, अशोक गर्ग संजय सपड़ा व स्वीटी भाटिया ने कहा कि नेशनल हाईवे का निर्माण करवाया जा रहा है। इसको पहले से निर्मित सड़क के ऊपर सड़क बनाई जा रही है और आसपास की सड़क नीची पड़ चुकी है।

---

**अभियान** नगर परिषद का अतिक्रमण हटाओ अभियान फिर शुरू

## थाना रोड पर दुकानों के बाहर रखे सामान को ट्रैक्टर ट्राली में डालकर ले गए नगर परिषद कर्मचारी

■ 'हरिभूमि' ने 24 फरवरी के अंक में थाना रोड पर अवैध अतिक्रमण के चलते ठंडा पड़ा अतिक्रमण हटाओ अभियान शीर्षक से प्रमुख से समाचार किया था प्रकाशित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद



फतेहाबाद। दुकानों के बाहर से सामान हटवाते नगरपरिषद कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

शहर में दुकानदारों द्वारा अवैध रूप से किए गए अतिक्रमण को हटाने को लेकर एक बार फिर नगरपरिषद सक्रिय हो गई है। दरअसल उपायुक्त के आदेश के बाद नगरपरिषद शहर के सौंदर्यकरण को लेकर अब काफी गंभीर दिख रहा है। अभी तक नगरपरिषद के कर्मचारी मात्र औपचारिकता ही पूरी करते आए हैं। अब उच्चाधिकारियों की सख्ती माने या मीडिया में आ रही रिपोर्ट, जिसके आधार पर नगरपरिषद लगातार अभियान चलाए हुए हैं। बता दें कि पिछले दिनों नगरपरिषद ने प्रतिबंधित पॉलीथीन बेचने पर सख्ती की, बाजार में लगे होर्डिंग्स व रेहड़ियां हटवाई तो दुकानदार उनके सामने हो गए। इसके बाद दुकानदारों व नगरपरिषद टीम में बात हाथापाई जा पहुंची। इसके बाद से नगरपरिषद ने कुछ दिनों के लिए अतिक्रमण हटाओ अभियान रोक दिया था। बता दें कि 'हरिभूमि' ने 24 फरवरी के अंक में थाना रोड पर अवैध अतिक्रमण के चलते ठंडा पड़ा अतिक्रमण हटाओ अभियान शीर्षक से प्रमुख से समाचार प्रकाशित किया था। इसके बाद सोमवार को एक बार फिर नगरपरिषद की टीम अतिक्रमण हटाने को लेकर सक्रिय हो गई है।

सोमवार को नगरपरिषद के मुख्य सफाई निरीक्षक महेश कुमार, एसआई राहुल कुमार, स्वच्छ भारत मिशन टीम के मुखिया सौरभ की अगुवाई में नगरपरिषद टीम शहर के थाना रोड,पुराना बस स्टैण्ड, हंस मार्किट, फव्वारा चौक, जवाहर चौक में दुकानों के बाहर रखे सामान को हटवाया वहीं कुछ सामान को कब्जे में लिया और दुकानदारों को चेतावनी देकर छोड़ दिया। इन कर्मचारियों ने दुकानों के बाहर टंगे कपड़ों व बैनरों को भी हटाने का अल्टीमेटम दिया। दुकानदार जहां अपनी दुकानों से बाहर आ गए वहीं रेहड़ी चालक भी अपनी रेहड़ियों को लेकर इधर-उधर भागते नजर आए। मुख्य सफाई निरीक्षक महेश कुमार का कहना है कि शहर में अतिक्रमण को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

हरिभूमि
# सहेली



नन्हे बच्चों के हाथों में मोबाइल होने से वे बहुत कुछ ऐसा देख-सुन रहे हैं, जिससे उनके मन की सुकोमलता-मासूमियत खत्म हो रही है, बचपना छीज रहा है, वे समय से पहले परिपक्व हो रहे हैं। इस तरह बच्चों का स्वाभाविक नैसर्गिक विकास प्रभावित हो रहा है। ऐसे में बच्चों की परवरिश कैसे हो, अभिभावकों को यह समझना बहुत जरूरी है।

कवर स्टोरी

**अंशु सिंह**

## गुम होती बचपन की मासूमियत

जीवन के सबसे अनमोल पल होते हैं बचपन के। यह जिंदगी का सबसे खूबसूरत और मासूम समय होता है। तभी तो वयस्क होने पर भी हम अपने अंदर के बच्चे को जीवित रखना चाहते हैं, ताकि उसी आनंद का अनुभव कर सकें। लेकिन आज बच्चों का बचपना, उनकी मासूमियत कहीं गुम-सी हो गई है। उनकी सोच और बोल में सयानापन साफ झलकता है।

### बदल गया लालन-पालन का तरीका

हर पीढ़ी एक-दूसरे से भिन्न और आगे होती है। एक समय था, जब बड़े-बुजुर्ग छोटे बच्चों को खाना खिलाने के लिए उनके सामने थाली में चावल फैला दिया करते थे। बच्चा अपने तरीके से उसे खाने की कोशिश करता था। थाली के बाहर चावल बिखरे होते थे। वह उन्हें भी चुन-चुन कर खाने का प्रयास करता था। लेकिन आज ऐसा नहीं है। स्मार्टफोन के जमाने में दो से तीन वर्ष के बच्चों के हाथों में भी मोबाइल होता है, जिसे देखते हुए वे खाना खाते हैं। इतना ही नहीं, खुद माताएं भी स्मार्टफोन में कार्टून या राइम्स लगाकर बच्चों को खाना खिलाती दिखाई दे जाती हैं। फिर चाहे वह घर हो या कोई रेस्तरां। नन्हे-नन्हे नाजुक हाथों में वजनदार मोबाइल फोन अब एक आम बात हो गई है। नतीजा यह हुआ है कि बहुत कम उम्र से बच्चों को मोबाइल फोन देखने की लत लग जाती है। इससे आगे चलकर उनका पूरा व्यक्तित्व प्रभावित होने लगता है।



### स्मार्टफोन ने बदला बच्चों का व्यवहार

छह वर्षीय अनिकेत की मां रोशनी को यह समझने में वक्त लगा कि मोबाइल पर वीडियो गेम्स, रील्स आदि की लत के कारण कैसे बेटे का व्यवहार भी क्षण-क्षण बदलता रहता था। जब वह किसी मोबाइल गेम में डूबा रहता था, तो किसी की नहीं सुनता था। पैरेंट्स की हिदायतों को अनसुना करना आम बात हो चुकी थी। परंतु जब वह किसी सामान्य गतिविधि में लिप्त रहता, खेल या ड्राइंग कर रहा होता, तो उसकी बातों और व्यवहार में मासूमियत होती थी। यानी कहीं न कहीं इंटरनेट और सोशल मीडिया से मिलने वाली गैर-जरूरी सूचनाएं, उसके मन-मस्तिष्क पर गहरा असर डाल रही थीं। उसकी बोली में कड़वाहट, गुस्सा और आक्रोश भर रहा था। सहनशक्ति क्या होती है, वह तो उसे मालूम ही नहीं था। रोशनी ने तय किया कि वह बेटे के सामने मोबाइल फोन नहीं देखेगी या कम से कम देखेगी, ताकि उसे कोई गलत संदेश न जाए।

### पैरेंट्स को देखकर बनती है आदत

हम सभी जानते हैं कि छोटे बच्चे का मन कच्ची मिट्टी-सा होता है। वे अपने बड़ों और पैरेंट्स को जो भी करते देखते हैं, वैसा ही खुद करने की कोशिश करते हैं। इन दिनों वयस्क किस तरह से मोबाइल फोन की गिरफ्त में हैं, यह सच किसी से छिपा नहीं है। किशोर उम्र बेटे के पिता और फिल्ममेकर अभिजीत सिन्हा कहते हैं, '2010 के आस-पास से बाजार में सस्ते स्मार्टफोन और सेललुर डाटा की उपलब्धता बढ़ती गई। घर-घर में स्मार्टफोन पहुंच गया, बड़ों के साथ बच्चों की दुनिया बदल गई। उनके आपसी रिश्ते बदल गए। संवाद कम हो गया। बच्चे जल्दी बोर होने लगे और मोबाइल उनका साथी बन गया। ऐसा नहीं है कि उससे पहले बच्चों के पास मनोरंजन के कोई साधन नहीं थे। 80 के दशक में टीवी पर बच्चों को लेकर अनेक शो आते थे, जिनका वे बेसब्री से इंतजार भी करते थे। उन शोज का कंटेंट संस्कार देने वाले और ज्ञानवर्धक होता था। कार्यक्रम बच्चों की उम्र को ध्यान में रख कर तैयार किए जाते थे। उनमें हिंसा, वयस्क थीम की कोई जगह नहीं होती थी। आज इंटरनेट के जमाने में बच्चों के पास हर प्रकार की सामग्री पहुंच जा रही, जो उन पर गलत प्रभाव भी डालती है। वे संवेदनहीन हो रहे हैं।'



### शिक्षा जगत में बढ़ती प्रतिस्पर्धा छीन रहा बचपन

निजी स्कूल में अंग्रेजी की शिक्षिका अनाइवा की मानें, तो छोटे बच्चों की मासूमियत गुम होने का एक और प्रमुख कारण है, शिक्षा जगत में बढ़ती प्रतिस्पर्धा। अंकों का दबाव। पहली-दूसरी कक्षा से ही एक प्रतिस्पर्धा सी शुरू हो जाती है। दूसरे बच्चों से तुलना की जाने लगती है। पैरेंट्स ही अपने बच्चों से सवाल करने लगते हैं कि क्लास के अमुक स्टूडेंट ने इतने अच्छे अंक लाए, तो आप क्यों नहीं ला सकते या सकतीं? बच्चों में परीक्षा का डर कुछ ऐसे भर दिया जाता है कि वह खेलना-कूदना या दोस्तों से मिलना-जुलना सब छोड़ देता है। इससे कम आयु में ही व्यक्तित्व में गंभीरता और सयानापन झलकने लगता है। एग्जाम की थोड़ी भी तैयारी कम हुई या टेस्ट में नंबर कम आएं, तो बच्चे इतने अधिक भावुक हो जाते हैं मानो आगे जीवन में करने को कुछ बचा ही न हो। यह सब अभिभावकों और पीयर ग्रुप के दबाव के कारण ही होता है। इससे उनका कोमल मन आहत होता है और वे कुछ कह भी नहीं पाते। मशहूर शायर निदा फाजली कहा करते थे, 'बच्चों के छोटे हाथों को चांद सितारे छूने दो, चार किताबें पढ़कर ये भी हम जैसे हो जाएंगे।'

### बच्चे को दें मन की करने की आजादी



डॉ.आरती आनंद
क्लीनिकल साइकोलॉजिस्ट

**21वीं सदी** में सब कुछ इतनी जल्दी-जल्दी हो रहा है कि बच्चे खुद ही खुद के अभिभावक बन गए हैं। जो जानकारी अभिभावकों से जाननी चाहिए, वे जानकारी एलेक्सा और सोशल मीडिया से आसानी से मिल जाती है। ऐसे में अभिभावकों की जिम्मेदारी है कि वे बच्चे को बच्चे ही रहने दें। असमय अनावश्यक अपेक्षाएं न पालें। उन्हें खेलने और अपने मन का करने की आजादी दें। अपनी महत्वाकांक्षाओं को कुछ समय किनारे रख, बच्चों के साथ प्यार से बातें करें, समय व्यतीत करें। आज ये सब नहीं हो पा रहा है। एकल परिवारों के पैरेंट्स के पास समय की कमी होती है। यही बच्चों के लिए बड़ी चुनौती बन जाती है और वे छोटी उम्र में बड़े हो जाते हैं।



पति-पत्नी के बीच तकरार-मतभेद होना कोई बड़ी बात नहीं है, लेकिन यह लंबे समय तक खींचे, बड़े विवाद को जन्म देकर अलग-अलग होने के रास्ते बनाने लगे तो बात बड़ी चिंता की हो जाती है। जरूरी है पति-पत्नी आपसी संवाद से बढ़ती दरार को पाटें, सामंजस्य बनाएं और मधुरता का समावेश कर, विवाह संबंध को प्रगाढ़ बनाएं।

## बढ़ते तलाक के इस दौर में दांपत्य को कैसे बचाए रखें

मैरिड लाइफ

**नम्रता नदीम**

अपने दांपत्य को बचाए रखने के लिए मैं क्या कर सकती हूं?' शालिनी ने मैरिज काउंसलर से जानना चाहा। वह पैंतीस साल की है, दो बच्चों की मां है, एक बड़ी और नामी कंपनी में मैनेजर के पद पर कार्यरत है। इस लिहाज से आत्मनिर्भर है। लेकिन अपने वैवाहिक भविष्य को लेकर चिंतित है। बदलते समाज की तस्वीर में जो एक बहुत चिंताजनक स्थिति है, वह यह है कि तलाक की दर में उन समुदायों में भी निरंतर वृद्धि हो रही है, जिनमें विवाह समझौता (कांट्रैक्ट) नहीं बल्कि ऐसा संस्कार है, जो जन्मों तक कायम रहती है यानी धार्मिक दृष्टि से अटूट है। भले ही विधि ने कुछ शर्तों के साथ तलाक की अनुमति दे रखी है। हालांकि शालिनी की उसी व्यक्ति से शादी हुई है, जिससे वह प्यार करती थी, लेकिन संबंध कब नई करवट ले ले, आज के दौर में कुछ नहीं कहा जा सकता है। इसलिए शालिनी की चिंता को समझा जा सकता है। अच्छी बात यह है कि शालिनी अपनी शादी को बचाए रखना चाहती है, इसके लिए प्रयासरत है।



### जरूरी है समस्या पर करें बात

गौरतलब है कि आत्मीय संबंधों में चिंताओं या समस्याओं पर वार्ता करना आज भी अच्छा नहीं समझा जाता है, लोग संकोच करते हैं या कहें उन्हें इस बात का डर रहता है कि कहीं विवाद और न बढ़ जाए। नतीजतन, जो लोग थोड़ी-सी बातचीत से अपने संबंध सुधार सकते हैं, वे जबरन खामोशी के कारण दुखी, परेशान और तनावग्रस्त रहते हैं। हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि जब दो व्यक्तियों में आपस में प्यार होता है तो वह बराबरी के पायदान पर होते हैं। ऐसे में दोनों पार्टनर तय कर सकते हैं कि वह किस तरह से एक-दूसरे को देखें-समझें और व्यवहार करें। दोनों ही अपने संबंध को मिलकर सींचते हैं। यह बहुत जरूरी होता है। अनेक संबंध इसलिए खटाई में पड़ जाते हैं कि एक व्यक्ति को उस तरह से समझा या व्यवहार नहीं किया जाता, जिस तरह से वह चाहता है। ऊपर हम जिस शालिनी की बात कर रहे हैं, उसने यह सब कुछ देखा है। कॉलेज के दिनों में उसका एक दोस्त था, जो उसकी परवाह नहीं करता था। लेकिन शालिनी इस संबंध में इतने लंबे समय तक फंसी रही कि अन्य प्यार भरे विकल्पों को उसने तलाश ही नहीं किया।

### संबंध बचाए रखने के तीन आसान रास्ते

विवाह या दांपत्य संबंध को बचाए रखने के लिए तीन बहुत ही आसान रास्ते हैं। अकसर नुकसान लापरवाही से होता है बजाय जान-बूझकर की गई क्रूरता से। इसलिए तीन बातों का ध्यान रखें।

**जीवनसाथी को उच्च वरीयता प्रदान करें:** पहली बात, अपने जीवनसाथी को उच्च वरीयता प्रदान करें। याद करें, आप जब अपनी शादी के शुरुआती दिनों में अपने पति के फोन में 'फेवर्ड' सूची सबसे पहले देखा करती थीं, आपको एक सुख की अनुभूति होती थी कि ऐसी लिस्ट में आपका नाम सबसे पहला होता था। फोन लिस्ट लगभग बेवकूफी का पैमाना प्रतीत हो सकती है, लेकिन अगर आप दोनों अलग-अलग तरह से एक-दूसरे की वरीयता सूची को टॉप पर नहीं रखेंगे, तो इससे एक प्रकार का असंतुलन दिखेगा जो मधुर संबंध के लिए सही नहीं है।

**ध्यान देकर सुनें:** दूसरा रास्ता है ध्यान दें। जब एक ही पार्टनर ध्यान दे रहा हो तो क्या अनकही बातों को सुना जा सकता है, नहीं। इसलिए सुनें। तारीफ करने के लिए समय निकालें। इससे दोनों पार्टनर खुश रहते हैं।

**एक-दूसरे को स्पेस दें:** तीसरा और अंतिम रास्ता है कि एक-दूसरे को स्पेस दें। यह हो सकता है कि पार्टनर अब उतना अधिक चिंतित न होता हो, जितना आपकी शुरुआती मुलाकातों में हुआ करता था। इस नई स्थिति में आपकी प्रतिक्रिया बेचैनी या गुस्से वाली नहीं होनी चाहिए बल्कि हालात में, बातचीत में और समझौतों में भावुकता होनी चाहिए। इसका अर्थ होता है कि आप अपने पार्टनर को अच्छी तरह से समझती हैं। यानी, दांपत्य को प्रगाढ़ बनाने के लिए आप दोनों का साझा प्रयास जरूरी है।

स्किन केयर

**नीलोफर**

## घर पर ही करें पेडीक्योर पैर दिखेंगे सॉफ्ट-अट्रैक्टिव

अपने चेहरे को सुंदर बनाए रखने के लिए तो हम कई तरह की चीजों का इस्तेमाल करते हैं। लेकिन कई बार अपनी कोहनियों, घुटनों, पैरों की सुंदरता को नजरअंदाज कर देते हैं। जबकि हमारे ओवरऑल लुक में सिर से पैर तक सभी का महत्व होता है। अगर पैरों की देख-भाल के प्रति जरा भी लापरवाही बरतेंगी तो ये भद्दे, रूखे और अनाकर्षक लगते हैं।

**करें प्रॉपर केयर:** शरीर के हर अंग की सफाई के साथ-साथ पैरों की त्वचा की देखभाल भी बहुत जरूरी है। पैरों की फटी एड़ियां, गंदे नाखून, जगह-जगह से कटे हुए नाखून पैरों के प्रति हमारी लापरवाही को प्रदर्शित करती है, जिसका हमारे व्यक्तित्व पर बुरा असर होता है। हाथों और पैरों की सुंदरता के लिए सैलून जाकर ज्यादा पैसे खर्च करने की बजाय आप घर पर ही मेनीक्योर और पेडीक्योर कर सकती हैं।



**रिमूव करें नेल पॉलिश:** पेडीक्योर करने के लिए सबसे पहले नाखूनों को अच्छी तरह काट लें और इन पर लगी हुई नेल पॉलिश को, नेलपॉलिश रिमूवर से साफ कर लें। इसके बाद इस पर फुट क्रीम लगाएं।

**मसाज:** पैरों की साफ-सफाई के बाद उसकी त्वचा को चमकीला बनाने के लिए मॉयश्चराइजर लेकर पैरों पर हल्की मसाज करें। इसके लिए आप इलेक्ट्रिक फुट मसाजर का भी इस्तेमाल कर सकती हैं। पैरों की मसाज के बाद इसकी चिकनाहट को किसी कॉटन से साफ कर लें।

**डेड स्किन हटाएं:** नेल पॉलिश रिमूव करने के बाद पैरों को पानी में भिगोएं। गुनगुने पानी में थोड़ा सा नमक डालकर उसमें थोड़ा शैंपू मिलाएं और कम से कम 10 मिनट पैरों को उसमें भिगोएं। ऐसा करने से नाखूनों के आस-पास की त्वचा नरम हो जाती है। अब पैरों को बाहर निकालकर पोंछ लें और इन्हें अच्छी तरह रगड़कर साफ करें। इससे डेड स्किन निकल जाती है।

**नेल्स ट्रिमिंग:** अपने नेल्स को अगर आप लंबे रखना चाहती हैं तो उनकी अच्छे से ट्रिमिंग करें। फुट फाइलर की मदद से नाखूनों के किनारों को साफ करें और प्यूमिक स्टोन से अपनी एड़ियों को रगड़कर साफ करें, जिससे डेड स्किन की सफाई हो सके।

**नेल पॉलिश लगाएं:** पेडीक्योर करने के बाद नाखूनों पर नेल पॉलिश लगाने से पहले एक बेस कोट लगाएं। इसके सूखने के बाद अपनी मनपसंद कलर की नेल पॉलिश लगाएं। जब पहला कोट सूख जाए, तब दूसरा कोट लगाएं। जब दूसरा कोट सूख जाए, उसके बाद नेल पॉलिश को कवरेज देने के लिए एक हल्का कोट लगाएं और इसे भी अच्छी तरह सूखने दें।

आजकल लोग घूमने के लिए एकसाथ ग्रुप टूर पर भी निकलते हैं। इस तरह की जर्नी के पीछे यही उद्देश्य होता है, रुटीन बिजी लाइफ से अलग थोड़ा एंज्वॉयमेंट हो जाए, एक ताजगी महसूस हो। आपका ग्रुप टूर सुहाना रहे, यादगार बने, इसके लिए जरूरी है आप कुछ बातों का विशेष ध्यान रखें।

## ग्रुप टूर के दौरान याद रखें कुछ एटिकेट्स

सजेशन

**पूर्ति खरे**



यात्राएं हमें नए अनुभव, ज्ञान और आनंद प्रदान कराती हैं। चूंकि यात्राएं हमें तरोताजा कर देती हैं, रोजमर्रा के कामों से बोर हो रही जिंदगी में उत्साह-उमंग पैदा करती हैं, इसलिए समय-समय पर हमें यात्राएं करते रहना चाहिए, चाहे परिवार के साथ या परिचितों के साथ ग्रुप में। लेकिन किसी भी तरह की यात्रा के दौरान खासतौर से ग्रुप टूर में हमें कुछ एटिकेट्स यानी शिष्टाचार का पालन जरूर करना चाहिए। यदि हम सफर के दौरान नीचे बताए गए कुछ बातों का ध्यान रखेंगे तो हम अपना ही नहीं, अपने साथी यात्रियों का सफर भी सुहाना बना देंगे। यदि आप भी अपने रिश्तेदारों, पड़ोसियों या दोस्तों के साथ टूर की तैयारी कर रही हैं तो इस दौरान कुछ बातों का विशेष ध्यान रखें-

**घर जैसा व्यवहार न करें:** जब हम ग्रुप में लंबी जर्नी कर रहे होते हैं, तो जगह-जगह होटल, धर्मशाला या लॉज में रुकते हैं। याद रखें, साथ रुकने वाले लोग आपके घर के सदस्य नहीं हैं, इसलिए इनके साथ एकदम घर जैसा व्यवहार करने से बचना चाहिए। हमें दूसरों के साथ प्रेम और सम्मान से पेश आना चाहिए। सामान्य शिष्टाचार का पालन करना चाहिए। दूसरों के साथ कमरा साझा करने से पहले उनकी अनुमति जरूर ले लेनी चाहिए।



**साफ-सफाई का ख्याल रखें:** ग्रुप टूर के दौरान हमें अपने आस-पास की साफ-सफाई का पूरा ध्यान रखना चाहिए। हमें कूड़ा-कचरा सही जगह पर फेंकना चाहिए, दूसरों के साथ कोई खाने की चीज साझा करने से पहले अपने हाथ जरूर धो लेने चाहिए।

**दूसरों का सम्मान करें:** कभी-कभी ग्रुप टूर के दौरान हमारे साथ दूसरी संस्कृति, परंपरा और भाषा के लोग होते हैं। हमें सबसे प्रेम से पेश आना चाहिए, उनका सम्मान करना चाहिए। हमें दूसरों के साथ बातचीत करते हुए उनकी जरूरतों को पूरा करने का भी हर संभव प्रयास करना चाहिए।

**खान-पान का ध्यान रखें:** यात्रा के दौरान हमें अपने खान-पान का ध्यान रखना चाहिए। हमें स्वच्छ-स्वस्थ भोजन करना चाहिए। दूसरों के साथ भोजन साझा करने से पहले यह जान लेना चाहिए कि वे ऐसा चाहते भी हैं या नहीं? हमें साथ में खाना खाते समय शिष्टता का पूरा ध्यान रखना चाहिए। अकेले में खामोशी से नहीं, एक-दूसरे से बातचीत करते हुए लंच या डिनर करना चाहिए।

**अपने सामान का खुद रखें ध्यान:** ग्रुप टूर के समय साथ में बहुत से लोग होते हैं, ऐसे में हमें अपने सामान का ध्यान रखना चाहिए, उसे सुरक्षित रखना चाहिए। साथ ही हमें दूसरे जगह पर निकलने से पहले अपने सामान को सही तरीके से पैक करना चाहिए। यात्रा के दौरान साथी यात्रियों का भी ध्यान रखना चाहिए।

**किसी भी सहयात्री को न हो परेशानी:** ग्रुप टूर करते समय इस बात का विशेष ध्यान रखें कि आपके कारण किसी को कोई तकलीफ-परेशानी नहीं हो। आप शिष्टाचार का पालन करके, सबके साथ अपना स्नेह-प्रेम भरा व्यवहार करके अपनी जर्नी को सुखद और यादगार बना सकती हैं। यात्रा के दौरान हमें अपने अनुभवों को साझा करना चाहिए, दूसरों के साथ अच्छे रिश्ते बनाने का प्रयास करना चाहिए। इससे आपकी यात्रा मीठी यादों से भर उठेगी।

मेडिकल एडवाइस

**डॉ. श्वेता मेंदिरत्ता**
एचओडी-ऑब्स्टेट्रिक्स, गायनेकोलॉजी
मैरिंगो एशिया अस्पताल, एनसीआर

महिलाओं में पीसीओडी समस्या हार्मोनल डिसऑर्डर की वजह से होती है। ऐसा किन वजहों से होता है, पीसीओडी के मुख्य लक्षण क्या हैं, इससे बचाव और उपचार के तरीके के बारे में यहां डिटेल में बता रहे हैं।

## अनहेल्दी लाइफस्टाइल से बढ़ती है पीसीओडी की प्रॉब्लम

पीसीओडी की प्रॉब्लम को पॉलीसिस्टिक ओवरी डिसऑर्डर कहते हैं। यह एक हार्मोनल डिसऑर्डर है। यह प्रॉब्लम 15 से 45 साल की उम्र तक की महिलाओं में किसी भी उम्र में हो सकती है। लेकिन जब प्यूबर्टी के बाद मेनार्की स्टेज यानी जब उन्हें पीरियड्स शुरू होते हैं, उस समय ज्यादा देखने को मिलता है। डब्ल्यूएचओ के अनुसार भारत में तकरीबन 20-25 प्रतिशत महिलाओं को पीसीओडी की प्रॉब्लम है।

**कैसे होती है यह प्रॉब्लम:** जब महिलाओं के शरीर में हार्मोन असंतुलित हो जाते हैं तो पीसीओडी की प्रॉब्लम देखने को मिलती है। कहने का मतलब है कि उनके शरीर में फीमेल हार्मोंस एस्ट्रोजन और प्रोजेस्टेरोन के बजाय मेल हार्मोंस टेस्टोस्टेरोन और एंड्रोजन का लेवल बढ़ जाता है। इससे उनकी ओवरी से हर महीने रिलीज होने वाले अंडे की प्रक्रिया गड़बड़ा जाती है। पूरी तरह मैच्योर न होने के कारण अंडे का ओवोल्यूशन नहीं हो पाता। इससे महिला का पीरियड साइकल अनियमित हो जाता है। अपरिपक्व अंडे ओवरी में छोटे-छोटे सिस्ट के रूप में बदल जाते हैं, जिसकी वजह से महिला को कई तरह की प्रॉब्लम्स फेस करनी पड़ती हैं।



**पीसीओडी के प्रमुख लक्षण:** पीसीओडी को आप कुछ लक्षणों से पहचान सकती हैं, जैसे- पीरियड्स समय पर न आना, चेहरे पर अनचाहे बाल आना, सिर के बाल झड़ना, पिंपल्स होना, वजन बढ़ना और मूड स्विंग होना। आगे चलकर महिला में एनोव्यूलेशन की प्रॉब्लम हो सकती है, जिससे गर्भधारण में समस्या या इंफर्टिलिटी का खतरा भी हो सकता है। यहां बताए गए लक्षण दिखने पर आपको जल्द से जल्द स्त्री रोग विशेषज्ञ से संपर्क करना चाहिए।

**पीसीओडी होने के कारण:**

- अनियमित दिनचर्या, समय पर खाना न खाना, देर से सोना।
- रेग्युलर एक्सरसाइज न करना।
- जंक फूड या प्रोसेस्ड फूड, ऑयली डाइट का ज्यादा सेवन।
- रूटीन लाइफ में स्ट्रेस में रहना।

**ऐसे होता है डायग्नोज:** आमतौर पर महिला के फिजिकल चेकअप से ही डॉक्टर पीसीओडी को डायग्नोज कर लेते हैं। ओवरी सिस्ट की जांच के लिए अल्ट्रासाउंड और हार्मोन लेवल का पता लगाने के लिए ब्लड टेस्ट किए जाते हैं।

**ट्रीटमेंट का तरीका:** पीसीओडी की समस्या को बढ़ने से रोकने के लिए मुख्य रूप से प्रिवेंटिव केयर स्ट्रेटजी यानी लाइफस्टाइल में बदलाव पर जोर दिया जाता है। महिला को सख्ती से हेल्दी लाइफस्टाइल अपनाने, संतुलित-पोषक आहार का सेवन करने और वजन कंट्रोल करने की हिदायत दी जाती है। मरीज की स्थिति के हिसाब से नॉन-हार्मोनल दवाइयां दी जाती हैं, सुधार न आने पर हार्मोनल दवाइयों का कोर्स भी दिया जाता है।



**बचाव है संभव:** इन बातों पर करें अमल-

- पौष्टिक तत्वों से भरपूर संतुलित और सुपाचय आहार लें, जिसमें कार्बोहाइड्रेट और वसा के अलावा पर्याप्त मात्रा में फाइबर, विटामिंस और प्रोटीन हो।
- रिफाइंड खाद्य पदार्थ, कोल्ड ड्रिंक, पैक्ड जूस जैसी हाई शुगर ड्रिंक्स, ऑयली, प्रोसेस्ड और जंक फूड को खाने से बचें।
- फल, सब्जियां, दालें, अंकुरित अनाज, डेयरी प्रोडक्ट्स, मल्टीग्रेन और सूखे मेवों को आहार में शामिल करें।

**प्रस्तुति: रजनी अरोड़ा**

## खबर संक्षेप



### सीडीएलयू के विधि विभाग के छात्रों ने लिया राष्ट्रीय मूट कोर्ट में हिस्सा

**सिरसा।** चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय के विधि विभाग की मूट कोर्ट टीम ने विभाग के अधिष्ठाता प्रो. अशोक कुमार मक्कड़ व विभागाध्यक्ष प्रोफेसर मुकेश गर्ग के दिशा निर्देशन में टांटिया विश्वविद्यालय श्रीगंगानगर द्वारा आयोजित प्रथम एस.एस. टांटिया मूड कोर्ट प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। सीडीएलयू के प्रवक्ता ने सोमवार को बताया कि विभाग की मूट कोर्ट टीम का नेतृत्व असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. विकास पूनिया व वकील मेहरा ने किया जिसमें बीए एलएलबी आठवें सेमेस्टर से कशिश भटनागर, एलएलबी द्वितीय सेमेस्टर से महक वर्मा व बीए एलएलबी चौथे सेमेस्टर से कृष शर्मा ने हिस्सा लिया। इस प्रतियोगिता में देश के नौ राज्यों से आई 26 टीमों जिसमें महाराष्ट्र, कर्नाटक, गुजरात, पंजाब, राजस्थान, हरियाणा, दिल्ली, उत्तर प्रदेश व उत्तराखंड आदि से प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया।

### अंजू बनी महिला जिला महासचिव

**फतेहाबाद।** ऑल इंडिया अरोड़ा खत्री पंजाबी कम्युनिटी फतेहाबाद जिला महिला अध्यक्षा राखी मक्कड़ ने हरियाणा प्रदेश अध्यक्ष औम प्रकाश चुघ व जिला अध्यक्ष सूर्यवंशी रविंद्र मेहता पार्षद से विचार विमर्श कर राष्ट्रीय अध्यक्ष साहिब दयाल वधवा व संस्थापक सूर्यवंशी कमल हांडा की अनुमति व दिशा निर्देशन में फतेहाबाद जिला महिला कार्यकारिणी का विस्तार किया। जिला महिला कार्यकारिणी में अंजू रानी को जिला महासचिव, डॉ. सुमन बजाज व पुनीता कंकड़ को जिला उपाध्यक्ष, नीलम रानी, सुनीता रानी व मीना आहूजा को जिला कार्यकारिणी सदस्य बनाया गया तथा शेष कार्यकारिणी का गठन भी शीघ्र ही कर दिया जाएगा। नवनियुक्त जिला पदाधिकारियों ने संगठन के संस्थापक, राष्ट्रीय अध्यक्ष, राष्ट्रीय महासचिव ज्योति कमल हांडा, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष परमजीत कोचर, प्रदेश अध्यक्ष, जिला अध्यक्ष व जिला महिला अध्यक्षा का आभार जताया है और उन सबको विश्वास दिलाया है कि जो भरोसा उन्होंने हम पर जताया है उस भरोसे को टूटने नहीं देंगी व उम्मीद से भी अधिक कार्य करके दिखाएंगी।

## राजकीय कॉलेज में एथलेटिक मीट का आयोजन

# विद्यार्थियों ने विभिन्न एथलेटिक विधाओं में किया शानदार प्रदर्शन

**बेस्ट एथलीट (पुरुष) अभिषेक तथा बेस्ट एथलीट (महिला) कविता को ट्रॉफी देकर किया सम्मानित**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

जिला मुख्यालय पर स्थित गवर्नमेंट कॉलेज में द्वितीय एथलेटिक मीट का आयोजन किया गया, जिसमें छात्रों ने विभिन्न एथलेटिक विधाओं में उत्साहपूर्वक भाग लिया। एथलेटिक मीट में रिटायर्ड प्राचार्य एवं डीएचईओ डॉ. प्रेम कुमार ने मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित हुए जबकि गवर्नमेंट महिला कॉलेज भोडिया खेड़ा की प्राचार्या डॉ. लखबीर कौर गेस्ट ऑफ ऑनर के रूप में उपस्थित रहीं। कार्यक्रम के समापन अवसर पर विजेताओं को पदकों से सम्मानित किया गया। एथलेटिक मीट के बेस्ट एथलीट (पुरुष) अभिषेक तथा बेस्ट एथलीट (महिला) कविता को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर गवर्नमेंट कॉलेज के प्राचार्य डॉ. जय भगवान डॉ. कपिल, पवन कुमार, डॉ. कविता, डॉ. पवन कुमार, डॉ. दिलावर, सीमा, पवन आदि मौजूद रहे।



**फतेहाबाद।** राजकीय कॉलेज में आयोजित एथलीट मीट में विजेता छात्रों को सम्मानित करते अतिथिगण।

### ये रहा परिणाम

महिलाओं की 200 मीटर रेस में कविता ने पहला स्थान, कोमल दूसरे और परमजीत तीसरे स्थान, पुरुषों की 200 मीटर रेस में अभिषेक ने पहला स्थान, विक्रम ने दूसरा और कुलदीप ने तीसरा स्थान, पुरुषों के स्टैंडिंग जंप में अभिषेक और सुखविंदर ने संयुक्त रूप से पहला स्थान, प्रदीप ने दूसरा और सूरज ने तीसरा स्थान, महिलाओं के स्टैंडिंग जंप में कविता ने पहला, परमजीत ने दूसरा और कोमल ने तीसरा स्थान, महिलाओं के लॉन्ग जंप में कविता ने पहला, परमजीत ने दूसरा और रीना ने तीसरा स्थान, पुरुषों के लॉन्ग जंप में अभिषेक ने पहला, प्रदीप ने दूसरा और पवन ने तीसरा स्थान, पुरुषों की 100 मीटर रेस में अभिषेक ने पहला स्थान, सुग्रीव ने दूसरा स्थान, विक्रम ने तीसरा स्थान, महिलाओं की 100 मीटर रेस में कविता ने पहला, कोमल ने दूसरा और रीना ने तीसरा स्थान, पुरुषों के शॉट पुट में प्रदीप ने पहला, अभिषेक ने दूसरा और विजय प्रताप ने तीसरा स्थान, महिलाओं के शॉट पुट में कविता ने पहला, परमजीत ने दूसरा और कोमल ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार से महिलाओं की तीन पैरों वाली दौड़ में कविता और परमजीत ने पहला, कोमल और ज्योति ने दूसरा और सोमति और जसमीन ने तीसरा स्थान, पुरुषों की 400 मीटर रेस में अभिषेक ने पहला, कुलदीप ने दूसरा और शिव कुमार ने तीसरा स्थान, पुरुषों के रिले रेस में हैप्पी, सुग्रीव, रोहित, विकास ने पहला, मोहित, अभिषेक, शिव कुमार, सुखविंदर ने दूसरा व प्रदीप, मलकीत, पवन, कुलदीप ने तीसरा स्थान, महिलाओं के ट्रिपल जंप में कविता ने पहला, परमजीत ने दूसरा और सोमती ने तीसरा स्थान तथा पुरुषों के ट्रिपल जंप में अभिषेक ने पहला, विकास ने दूसरा और पवन ने तीसरा स्थान प्राप्त किया।



**फतेहाबाद।** समाधान शिविर में नागरिकों की समस्याएं सुनते डीडीपीओ अनूप सिंह।

## डीडीपीओ ने सुनीं नागरिकों की समस्याएं

# समाधान शिविर में मात्र एक समस्या का हुआ निवारण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी अनूप सिंह ने सोमवार को लघु सचिवालय के सभागार में आयोजित समाधान शिविर में नागरिकों की विभिन्न समस्याओं को सुना और उनके त्वरित समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। समाधान शिविर में कुल 6 शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें से मौके पर एक शिकायत का समाधान किया गया जबकि शेष समस्याओं के जल्द निवारण के लिए अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

समाधान शिविर में नागरिकों ने विभिन्न प्रकार की समस्याएं रखी, जिनमें ग्रामीण विकास, जल आपूर्ति, सडक़ मरम्मत, पेंशन, मनरेगा भुगतान, राशन कार्ड एवं अन्य जन कल्याणकारी योजनाओं से संबंधित मुद्दे शामिल थे। जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी ने सभी समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को तत्काल कार्यवाही करने के निर्देश दिए। डीडीपीओ अनूप सिंह ने कहा कि प्रशासन जनता की सेवा के लिए प्रतिबद्ध है और समाधान शिविर का उद्देश्य नागरिकों की समस्याओं का मौके पर ही निवारण करना है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे हर समस्या का समाधान त्वरित और पारदर्शी तरीके से करें, ताकि जनता को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। शिविर के दौरान कई मामलों का तत्काल समाधान किया गयाए जबकि कुछ मामलों को संबंधित विभागों को सौंपकर निर्धारित समय सीमा के भीतर निपटाने के निर्देश दिए गए। जिला प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि वे अपनी समस्याओं को समाधान शिविर के माध्यम से अधिकारियों तक पहुंचाएंए ताकि उनका उचित समाधान किया जा सके।

# 4.63 लाख की साइबर धोखाधड़ी करने के दो आरोपी राजस्थान के जोधपुर क्षेत्र से काबू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

साइबर थाना पुलिस ने महत्वपूर्ण सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए टास्क पूरा कर मोटा मुनाफा कमाने के नाम पर गांव ममेरां कलां से एक व्यक्ति से करीब 4 लाख 63 हजार रुपए की साइबर धोखाधड़ी के मामले में दो युवकों को राजस्थान के जोधपुर क्षेत्र से काबू किया है।

साइबर थाना प्रभारी इंस्पेक्टर दिनकर यादव ने बताया कि गिरफ्तार किए गए युवकों की पहचान मोंटू उर्फ यशपाल पुत्र सुरेश निवासी राजीव गांधी कॉलोनी जोधपुर, राजस्थान व आकाश चौधरी पुत्र हरि किशोर निवासी मधुबन डीटीपी नगर जोधपुर, राजस्थान के रुप में हुई है। उन्होंने बताया कि कृष्ण कुमार पुत्र बनवारी लाल निवासी ममेंरा कलां ने



**सिरसा।** पकड़े गए आरोपी पुलिस हिरासत में। फोटो : हरिभूमि

पुलिस को दी शिकायत में बताया कि अज्ञात मोबाइल नंबर से उसके पास कॉल आई और कॉल करने वाले व्यक्ति ने कहा कि आप हमारे टेलिग्राम एप्प से जुडक़र घर बैठे-बैठे लाखों करोड़ों रुपए कमा सकते हो। इसके लिए आपको कंपनी के बताए हुए टास्क को पूरा करना होगा, जैसे ही टास्क पूरा होगा आपके खाते में पैसे आ जाएंगे।

कुछ समय बाद मेरे मोबाइल नंबर पर एक टेलिग्राम लिंक आया जैसे ही मैने लिंक को क्लिक किया तो उसमें टास्क पूरा कर मोटा मुनाफा कमाने का विज्ञापन चल रहा था। मैने लालच में आकर 4 लाख 63 हजार रुपए का इंवेस्टमेंट कर दिया और बाद में पैसा निकालने के लिए वेबसाइट पर आए लिंक को क्लिक किया तो टेलिग्राम एप पूरी बंद हो गया इस प्रकार वह साइबर ठगी का शिकार हो गया। उन्होंने बताया कि इस संबंध में पीड़ित की शिकायत पर साइबर क्राइम पुलिस स्टेशन सिरसा में बीती 12 फरवरी 2025 को साइबर ठगी का मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई थी।

जांच के दौरान पुलिस अधीक्षक द्वारा गठित साइबर क्राइम पुलिस स्टेशन की विशेष टीम ने महत्वपूर्ण सुराग जुटाते हुए घटना में संलिप्त दो आरोपियों को राजस्थान के जोधपुर क्षेत्र से काबू कर लिए है। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपियों को अदालत में पेश कर रिमांड पर लिया जाएगा और रिमांरड अवधि के दौरान आरोपियों से पूछताछ कर ठगी की राशि बरामद की जाएगी।

उन्होंने बताया कि अभियोग की जांच जारी है और जांच के दौरान जो भी व्यक्ति ठगी के इस नेटवर्क में संलिप्त पाया गया उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# पर्यावरण प्रदूषण का उपचार केवल पौधरोपणः उपनिरीक्षक तरसेम

- हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कंट्रोल की सिरसा यूनिट ने सोमवार को जिला यातायात पुलिस थाने के समीप एनसीबी कार्यालय में पौधरोपण किया
- तरसेम सिंह ने सभी आमजन से भी आग्रह किया कि वे भी अपने परिवार में किसी भी शुभ दिवस पर पौधरोपण करें।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कंट्रोल की सिरसा यूनिट ने सोमवार को जिला यातायात पुलिस थाने के समीप एनसीबी कार्यालय में पौधारोपण किया। टीम के इंचार्ज सब इंस्पेक्टर तरसेम सिंह के नेतृत्व में सब इंस्पेक्टर महावीर सिंह, एएसआई चाननराम, एएसआई जयवीर, मुख्य सिपाही राजेश कुमार, सुधीर कुमार, समाजसेवी रणजीत टक्कर व सुरेंद्र वर्मा ने बेलपत्र का पौधा रोपित किया। टीम इंचार्ज तरसेम सिंह ने कहा कि जिस प्रकार आज पर्यावरण प्रदूषण पूरे विश्व में एक बड़ी समस्या बन गया है, उससे निपटने का केवल एक ही उपाय है कि ज्यादा से ज्यादा पौधारोपण किया जाए। उन्होंने सभी आमजन से भी आग्रह किया कि वे भी अपने परिवार में किसी भी शुभ दिवस पर पौधारोपण करें।



**सिरसा।** थाना परिसर में पौधारोपण करते हुए। फोटो : हरिभूमि

# विशेष सत्र के दौरान इग्नू विद्यार्थियों की समस्याओं का किया समाधान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा।

राजकीय महिला महाविद्यालय सिरसा के इग्नू अध्ययन केंद्र 1085 में सत्र जुलाई 2024 के विद्यार्थियों की समस्याओं के समाधान के लिए सोमवार को एक विशेष सत्र आयोजित किया गया। इग्नू अध्य्यन केंद्र 1085 के कोऑर्डिनेटर डॉ. विक्रमजीत सिंह ने बताया कि सत्र का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को असाइनमेंट व प्रोजेक्ट बनाने से आ रही समस्याओं का निपटान करना था। यह सत्र सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक चला। स्टडी सेंटर पर उपस्थित स्टाफ सदस्यों डॉ. सतपाल सहायक समन्वयक, डॉ. सतपाल एकेडमिक काउंसलर राजनीति शास्त्र, ललित कुमार, असिस्टेंट, बलजीत सिंह असिस्टेंट ने दूरदराज से आए हुए लगभग 40 विद्यार्थियों की समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुना और उनके प्रश्नों के उत्तर दिए व उनको आ रही समस्याओं का समाधान किया। ललित कुमार असिस्टेंट ने सत्र के दौरान



**सिरसा।** इग्नू अध्ययन केंद्र में विद्यार्थियों की समस्याओं का समाधन करते हुए।

विद्यार्थियों को इग्नू के अध्ययन सामग्री, परीक्षा प्रक्रिया, असाइनमेंट जमा करने की प्रक्रिया और ऑनलाइन संसाधनों व प्रोजेक्ट बनाने के तरीके के बारे में जानकारी दी गई। डॉ. सतपाल सहायक समन्वयक ने उपस्थितजनों से आग्रह किया कि वे अपने आसपास के लोगों को जागरूक करें कि जिन्होंने अपनी उच्च शिक्षा ग्रहण करना चाहते हैं, वे इग्नू की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर ऑनलाइन आवेदन करके एडमिशन ले सकते हैं।




**सिरसा।** मुख्य अतिथि का स्वागत करते स्कूल स्टाफ के सदस्य। फोटो : हरिंभूमि

### वार्षिकोत्सव व खेलकूद प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने किया मनोरंजन

**सिरसा।** पीएमश्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय डिंग में सोमवार को धूमधाम से वार्षिक दिवस व खेलकूद समारोह का आयोजन प्रधानाचार्य कृपा राम की अध्यक्षता में हुआ। अर्थशास्त्र प्रवक्ता रोहताश ने बताया कि इस कार्यक्रम में जिला परिषद सीईओ सुभाष चंद्र मुख्य अतिथि व खंड शिक्षा अधिकारी सतवीर ढिढारिया, एपीसी विनोद, सरपंच प्रतिनिधि ग्राम पंचायत डिंग दरिया सिंह पचार, विद्यालय प्रबंधन समिति प्रधान देवीलाल विशिष्ट अतिथि के रूप में कार्यक्रम में शामिल हुए। प्रधानाचार्य कृपा राम द्वारा गुलदस्ता भेंट कर मुख्यातिथि का स्वागत किया। मुख्यातिथि ने सर्वप्रथम शहीद की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। तदोपरांत दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां दी गई। प्रवक्ता इतिहास अमित बैनीवाल द्वारा स्कूल वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की गई, जिसमें विद्यालय की 2024-25 की उपलब्धियां बताई गई। शारीरिक शिक्षक भोलू राम ने खेलकूद क्रियाओं में सूर्य नमस्कार प्रस्तुति के साथ-साथ कबड्डी व एथलेटिक्स प्रतियोगिता करवाई गई, जिसमें बच्चों ने खूब मनोरंजन किया। मुख्यातिथि व प्रधानाचार्य ने बच्चों को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। इस मौके पर देवेंद्र राड, सुभाष फोगाट, कृष्ण पचार, राम सिंह, सुखविंद्र, अमनदीप कौर, सुरीना, घनश्याम, हिमांशी, कविता, विनोद आदि मौजूद थे।

## मिस्टर हिसार बॉडी बिल्डिंग चैम्पियनशिप

# पीडी मैमोरियल स्कूल के छात्र ने पाया दूसरा स्थान, किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

गांव खाबड़ा कलां स्थित पीडी मैमोरियल कॉन्वेंट स्कूल के 11वीं कक्षा के छात्र योगेश पुत्र रोहताश ने मिस्टर हिसार बॉडी बिल्डिंग चैम्पियनशिप में अच्छा प्रदर्शन करते हुए जीत हासिल की है। मिस्टर हिसार बॉडी बिल्डिंग चैम्पियनशिप का आयोजन 23 फरवरी को सैनी स्कूल हिसार में किया गया था। स्कूल की प्रधानाचार्या अनिता गिजरोईया व डायरेक्टर साधुराम जाखड़ ने विजेता बच्चे को सम्मानित करते हुए बताया कि पीडीएम स्कूल में बच्चों के खेल शारीरिक और मानसिक तंदुरुस्ती को सुधारने के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण और सरल तरीका हैं। हम खेलों द्वारा स्वास्थ्य और शरीर की तंदुरुस्ती को बनाए रखने के साथ ही खेलों में एक बेहतर भविष्य का निर्माण भी कर सकते हैं। उन्होंने कक्षा 11वीं के छात्र योगेश को मिस्टर बॉडी बिल्डिंग चैंपियनशिप में मैंस फिजिक्स में दूसरा स्थान प्राप्त करने पर शुभकामनाएं दी और उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि पीडी मैमोरियल स्कूल क्षेत्र का एकमात्र ऐसा स्कूल है जो बच्चों का पूर्णतयाः सर्वागिण विकास कर रहा है। स्कूल शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी होने के साथ-साथ अब खेलों में भी अपना परचम नेशनल स्तर पर लहरा रहा है।

## जांच | पुलिस अधीक्षक ने मार्केट एरिया में की पैदल गस्त

**थाना में आने वाली शिकायतों का इंद्राज कर उन पर कार्रवाई सुनिश्चित करे : एसपी**

# एसपी ने ओढ़ां थाना का किया निरीक्षण, व्यवस्थाओं की ली जानकारी, कर्मचारियों को दिए दिशा-निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| ओढां

पुलिस अधीक्षक डबवाली सिद्धांत जैन ने ओढ़ा थाना का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की जानकारी ली। उनके द्वारा प्रबंधक थाना व सभी अनुसंधान कर्ताओं की गोष्ठी ली गई। पुलिस अधीक्षक ने थाना के रिकॉर्ड का निरीक्षण कर जांच की। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक ने प्रभारी थाना अनिल सोढ़ी को आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए कहा कि थाना में आने वाली शिकायतों का इंद्राज कर उन पर कार्रवाई सुनिश्चित करे। सभी अपनी ड्यूटी जिम्मेदारी से निभाये और थाना में



**सिरसा।** ओढां में पैदल गश्त करते एसपी सिद्धांत जैन।

आने वाले शिकायत कर्ता से सहयोग और सम्मान पूर्वक व्यवहार कर उनकी बातों को ध्यान से सुने। प्रभारी थाना स्वयं शिकायतकर्ता से बात करे और अदालत से जुड़े मामलों के त्वरित निष्पादन करने व अन्य मामले में शीघ्र गिरफ्तारी सुनिश्चित करे। अपराध नियंत्रण के लिए अपने अपने क्षेत्र में पुलिस गश्त के फेरो में बढ़ोतरी करने के निर्देश दिए ताकि किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना घटित ना हो और जनता खुद को सुरक्षित महसूस करें और अपराधियों में भय बना रहे। जो कोई भी वारदात करने से पहले अनगिनत बार सोचें।

पुलिस अधीक्षक ने थाना में लंबित अभियोगों के निष्पादन को लेकर अनुसंधान कर्ताओं को निर्देशित करते कहा कि सभी लंबित अभियोगों का समय सीमा के अंदर निदान करे और अनुसंधान कर्ता के साथ प्रभारी थाना भी घटना स्थल पर जाए। किसी भी प्रकार की परेशानी होने पर उच्च अधिकारियों के साथ संपर्क कर मदद ले। साथ ही पुलिस अधीक्षक ने थाना परिसर में साफ सफाई रखने के निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक ने थाना परिसर में पुलिस जवानों के रहन-सहन व मैस आदि की व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए जरूरी दिशा-निर्देश दिए व कहा कि मैस में सफाई का विशेष ध्यान रखें। उन्होंने सभी पुलिस कर्मचारियों को अपनी ड्यूटी निष्ठापूर्वक करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक ने ओढ़ा एरिया में पैदल गस्त की व आमजन से उनकी समस्याओं के बारे में जानकारी ली। साथ ही आमजन से अनुरोध किया कि वे उनके इलाके में नशे की खरीद फरोख्त करने वालों के बारे में जानकारी पुलिस को दें। उनकी समस्याओं का हर संभव समाधान किया जाएगा। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक के साथ उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय कपिल अहलावत, प्रभारी थाना अनिल कुमार व अन्य अनुसंधान कर्ता मौजूद रहे।

# अखिल भारतीय अरोड़ा एकता परिवार ने गठित किए प्रकोष्ठ

**सिरसा।** अखिल भारतीय अरोड़ा परिवार की एक विशेष बैठक अध्यक्ष भारत भूषण ऐलावादी के अध्यक्षता में हुई जिसमें परिवार की गतिविधियों को गति देने के लिए विभिन्न प्रकोष्ठ गठित किए गए। मुख्य संरक्षक सुरेंद्र मोहन खुराना, कार्यकारी अध्यक्ष सतबीर धमीजा, राजेश बांगा, महिला अध्यक्ष सुमन मुंजाल व युवा अंध्यक्ष ऋषि ऐलावादी भी मौजूद थे। परिवार के मुख्य महासचिव सतीश सचदेवा, नरेश बजाज, भूषण इच्छपिलानी व अमित गाबा ने बताया कि विगत दो वर्षों से चल रही सभी इकाईयों व प्रकोष्ठों को भंग कर नए प्रकोष्ठों का गठन किया गया। बैठक में निर्णय परिवार के सदस्यों को कानूनी सहायता उपलब्ध करवाने के लिए गठित कानूनी सहायता प्रकोष्ठ की जिम्मेदारी ऐडवोकेट डॉ. सौरभ नागपाल व ऐडवोकेट मोहन लाल चिलाना को दी गई। आक्समिक सहायता प्रकोष्ठ की जिम्मेदारी अजय धुडिय़ा, मीत बठला व राजकुमार भाटिया को दी गई। सदस्यता अभियान प्रकोष्ठ की जिम्मेदारी एडवोकेट मोहन लाल अरोड़ा, दीदार सिहं तिन्ना व ऋषि ऐलावादी को दी गई।

**सूचना**

मैं, सुमित्रा रानी विधवा दिवान चन्द निवासी फतेहाबाद बयान करती हूं कि मेरे पति दिवान चन्द पुत्र सन्तलाल निवासी फतेहाबाद का देहांत 22-01-2025 को हो गया था। मेरे पति के चार वारसान सुमित्रा रानी पत्नी दिवान चन्द, रजनी टूटेजा पुत्री दिवान चन्द, मनोज कुमार व मुनीष कुमार पुत्रान दिवान चन्द निवासी फतेहाबाद है। मेरे सास-ससुर का देहांत हो चुका है।

## खबर संक्षेप

### अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर आयोजित होंगे जागरूकता कार्यक्रम

**फतेहाबाद।** हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, पंचकूला के सदस्य सचिव से प्राप्त दिशा निर्देशों की अनुपालना में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर 8 मार्च को जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण की ओर से विभिन्न गांवों में विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण की सचिव गायत्री ने बताया कि जागरूकता शिविरों के लिए पैनल अधिवक्ताओं व पैरा लीगल वॉलिंटियर की ड्यूटी निर्धारित करते हुए शैड्यूल जारी किया गया है। उन्होंने बताया कि 8 मार्च को गांव एमपी रोही के आंगनबाड़ी केंद्र में पैनल अधिवक्ता सुमन लता व पीएलवी गुरमीत कौर, जांडली कलां के आंगनबाड़ी केंद्र में भी कार्यक्रम होगा।

### डबवाली पुलिस ने होटल व कैफे में रजिस्टरों की चेकिंग कर रिकॉर्ड जांचे

**डबवाली।** सुरक्षा शाखा प्रभारी उप निरीक्षक सुभाष चंद्र व महिला थाना प्रभारी के नेतृत्व में होटल, रेस्टोरेंट, कैफे में विशेष अभियान चलाया गया। इस दौरान प्रभारी सुरक्षा शाखा व प्रभारी महिला थाना ने होटल में काम करने वाले कर्मचारियों को वेरिफिकेशन व रुकने वाले व्यक्तियों का रजिस्टर के निर्देश दिए। सुभाष चंद्र व कमला देवी ने निर्देश दिए कि उनके पास आने वाले लोगों को बिना आईडी कार्ड के किसी भी व्यक्ति को कमरा नहीं दिया जाए तथा जो व्यक्ति ठहरता है उसका रजिस्टर में पूर्ण नाम, पता व मोबाइल नंबर नोट करें। यदि कोई संदिग्ध किस्म का व्यक्ति आकर रुके, तो उसकी सूचना तुरंत पुलिस को दें, ताकि किसी प्रकार की अपराधिक वारदात न हो।

### गाड़ी चोरी के आरोप में दो युवक गिरफ्तार, केस

**सिरसा।** नाथूसरी चौपटा थाना पुलिस ने जांच के दौरान गांव कागदाना क्षेत्र में मेले से पिकअप गाड़ी चोरी की घटना को सुलझाते हुए दो युवकों को काबू कर लिया है। नाथूसरी चौपटा थाना प्रभारी सुखदेव सिंह ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान सुखजिंद्र सिंह उर्फ चूई पुत्र दर्शन सिंह निवासी गांव केलिया, जिला संगरुर पंजाब व रिंकू उर्फ लाल पुत्र पाला राम निवासी गांव सिंघानी जिला फतेहाबाद के रुप में हुई है।

### 75 हजार की ठगी का आरोपी दिल्ली से काबू

**सिरसा।** साइबर क्राइम पुलिस स्टेशन की विशेष टीम ने कार्रवाई करते हुए शेयर मार्केट में ट्रेडिंग में पैसा इंवेस्टमेंट कर मोटा मुनाफे का लालच देकर कीर्ति नगर निवासी जोगेंद्र सिंह पुत्र कृष्ण कुमार से करीब 75,200 रुपए की ठगी करने के मामले में एक युवक को पश्चिमी बिहार दिल्ली क्षेत्र से काबू किया है। साइबर थाना इंस्पेक्टर प्रभारी दिनकर यादव ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान निखिल पुत्र श्यामप्रीत निवासी बी-1 ग्राउंड फ्लोर पश्चिमी बिहार, दिल्ली के रूप में हुई है। आरोपी को अदालत में पेश कर पुलिस रिमांड पर लिया जाएगा है।

## कब बुलबुल नेशनल गोल्डन एरो अवार्ड से सम्मानित हुए प्रतिभागी

# नेशनल कब-बुलबुल उत्सव में फतेहाबाद के विद्यार्थी छाए, डीईओ ने किया सम्मानित

- पलवल स्थित राष्ट्रीय युवा परिसर में हुआ कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

भारत स्काउट्स एंड गाइड्स के तत्वावधान में गदपुरी, पलवल स्थित राष्ट्रीय युवा परिसर में आयोजित नेशनल लेवल कब बुलबुल उत्सव, गोल्डन एरो अवार्ड कैंप में श्रानदार प्रदर्शन कर लौटे प्रतिभागियों को जिला शिक्षा अधिकारी संगीता बिश्नोई व ग्राम पंचायतों ने सम्मानित किया। जिला संगठन आयुक्त (कब) महाबीर प्रसाद ने बताया कि हर वर्ष भारत स्काउट एंड गाइड 22 फरवरी को विश्व चिंतन दिवस व स्थापना दिवस मनाता है। इसी के तहत भारत स्काउट एंड गाइड के राष्ट्रीय प्रशिक्षण संस्थान गदपुरी पलवल में नेशनल लेवल कब बुलबुल उत्सव व गोल्डन एरो अवार्ड सेरेमनी का आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों द्वारा की गई वर्षभर की विभिन्न प्रकार की गतिविधियों की प्रतियोगिताएं हुई। इसमें देशभर के 12 राज्यों के 200 कब और बुलबुल ने भाग लिया और सात प्रकार की गतिविधियां कराई गई।



**फतेहाबाद।** विजेताओं को सम्मानित करते हुए डीईओ संगीता बिश्नोई। फोटो : हरिभूमि

इनमें जिला फतेहाबाद की तरफ से राजकीय कन्या प्राथमिक विद्यालय दौलतपुर की 5 बुलबुल, राजकीय प्राथमिक पाठशाला मताना की 4 बुलबुल और राजकीय प्राथमिक पाठशाला भिरड़ाना से 6 कब ने भाग लिया। बुलबुल की टीम ने ग्रुप डांस, स्टोरी टेलिंग, स्टेट एग्जिबिशन व ग्रुप सॉन्ग में प्रथम व द्वितीय स्थान प्राप्त किया तथा ऑल ओवर रनर चैम्पियन खिताब जीता। आज इन कब बुलबुल के वापस लौटने पर जिला शिक्षा अधिकारी संगीता बिश्नोई ने बच्चों का स्वागत किया वह उन्हें शुभकामनाएं दी। इसके अलावा गांव दौलतपुर व मताना पहुंचने पर ग्राम पंचायत व गांव वासियों ने सभी लड़कियों को ढोल के साथ गांव में भ्रमण किया और सम्मानित किया। बुलबुल टीम की अगुवाई जिला संगठन आयुक्त (बुलबुल) कांता सोनी व फ्लोक लीडर सुनीता सिहाग ने की। जिन्होंने बहुत ही मेहनत करके छोटे-छोटे बच्चों को इस प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए प्रेरित किया और उनकी तैयारी करवाई। इस मौके पर जिला संगठन आयुक्त (स्काउट) रामचंद्र वर्मा, जिला संगठन आयुक्त (गाइड) माया खारोलिया, प्रवीण कुमार प्राचार्य राजकीय व.मा. विद्यालय दौलतपुर, अशोक कुमार मुखिया राजकीय प्राथमिक पाठशाला दौलतपुर, सुनीता रानी मुखिया राजकीय प्राथमिक पाठशाला दौलतपुर, अनिल मेहता क्लस्टर हेड गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल हिजरावां खुर्द, सरिता गेरा प्रिंसिपल गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल मताना के अलावा बच्चों के अभिभावक व गांव के गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।


**फतेहाबाद।** अधिवेशन में चुने गए स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के पदाधिकारी।

## विपिन शर्मा दूसरी बार चुने गए स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

स्वास्थ्य कर्मचारी संघ हरियाणा संबंधित भारतीय मजदूर संघ के तृतीय अधिवेशन में फतेहाबाद के विपिन शर्मा को एक बार फिर प्रदेश अध्यक्ष की जिम्मेवारी सौंपी गई है। विपिन शर्मा के दोबारा प्रदेशाध्यक्ष चुने जाने पर फतेहाबाद के नागरिक अस्पताल में कार्यरत स्वास्थ्य कर्मचारियों ने उन्हें बधाई दी है। इस अधिवेशन में प्रदेश के सभी जिलों के एनएचएम कर्मचारियों ने हिस्सा लिया। अधिवेशन में भारतीय मजदूर संघ से उत्तर क्षेत्र संगठन मंत्री पवन कुमार, सह-संगठन मंत्री सोहनलाल गुप्ता, प्रदेश महामंत्री हवासिंह, अखिल भारतीय स्वास्थ्य एवं एनएचएम महासंघ के राष्ट्रीय महामंत्री दिनेश कौशिक, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष विजय कंबोज, पब्लिक हेल्थ कर्मचारी संघ संबंधित भारतीय मजदूर संघ प्रदेश महामंत्री विनोद शर्मा भी मौजूद रहे।

- एनएचएम कर्मचारियों के सेवा नियम फ्रीज हुए तो कर्मचारी बड़े आंदोलन पर जाने को होंगे मजबूर : शर्मा

अधिवेशन में स्वास्थ्य कर्मचारी संघ की प्रदेश कार्यकारिणी का गठन किया गया जिसमें विपिन शर्मा फतेहाबाद जिला पर सभी कर्मचारियों ने दोबारा विश्वास जताते हुए दूसरी बार भी प्रदेश अध्यक्ष का दायित्व दिया। प्रदेश महामंत्री का दायित्व हिसार से जगत बिसला को दिया गया। सुमन रावत पलवल, हरदीप सिंह कैथल, निर्मल गुरुग्राम को प्रदेश उपाध्यक्ष, अमित गुर्जर यमुनानगर, कुलविंदर कौर कुरुक्षेत्र, धर्मेंद्र सिंह फरीदाबाद को प्रदेश सह मंत्री, पंकज अत्रे कुरुक्षेत्र को प्रदेश कोषाध्यक्ष, जितेंद्र कुमार वत्स जींद को संगठन मंत्री, हरकेश नारनौल को प्रदेश कार्यलय सचिव, दौलतराम अंबाला को प्रेसमंत्री, कृष्ण कटारिया पंचकूला को मुख्य सलाहकार, अरशद मेवात, डॉ. अभिषेक पंचकूला, विक्रम सोनी सिरसा व अन्य मौजूद रहे।

## एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत ट्रस्ट ने किया पौधरोपण

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरसा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा चलाए गए एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत सोमवार को बाबा सरसाई नाथ सेवा ट्रस्ट की ओर से सोमवार को शहर के राधा-कृष्ण पार्क व भाई कन्हैया पार्क में पौधारोपण अभियान चलाया गया। ट्रस्ट के प्रधान रविंद्र सैनी ने बताया कि इस अभियान केतहत दोनों पार्कों में अनेक फलदार, फूलदार, छायादार व औषधीय पौधे लगाए गए। ट्रस्ट के प्रधान नेता रविंद्र सैनी ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के आह्वान पर ट्रस्ट द्वारा लगातार शहर के विभिन्न पार्कों में पौधे लगाने का अभियान जारी है। उन्होंने बताया कि पौधारोपण अभियान से जहां जहां ग्लोबल वार्मिंग की समस्या का समाधान होगा, वहीं आमजन को हरा भरा वातावरण मिलेगा। उन्होंने आमजन से आह्वान किया कि वे पर्यावरण संरक्षण के लिए अधिक से अधिक पौधे लगाएं। इस अवसर पर समाजसेवी रणजीत टक्कर, प्रवीन कपूर, डॉ. सुमित सैनी, प्रमोद कुमार, मायादेवी, शांति देवी, पिंटू, नव्या व प्रिंस मौजूद रहे।

### शिव शक्ति भवन में महाशिवरात्रि पर कार्यक्रम

**सिरसा।** जिला के गांव बकरियांवाली के शिव शक्तिभवन में महाशिवरात्रि भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में डॉ. अभिषेक बतौर मुख्यातिथि जबकि दूकड़ा के सरपंच राजेंद्र सिंह ने विशिष्ट अतिथि के रुप में शिरकत की। महोत्सव में शिव ध्वजारोहण किया गया और हर परिस्थिति में शांति बनाए रखने की शपथ दिलवाई गई। इसके साथ ही शिवरात्रि आध्यात्मिक महत्व, आध्यात्मिक गीत, ईश्वर्य अनुभूति आयोजित किया गया। इस शिव महोत्सव में राजयोगिनी बीके बिंदु दीदी ने कहा कि हमें जीवन में शांति बनाए रखने का व्रत रखना चाहिए। हर हाल में शांत रहना चाहिए। हमें भगवान ने धरती पर किस लिए भेजा है इसका चिंतन करना चाहिए हमें भगवान ने धरती पर इसलिए भेजा है कि हमें श्रेष्ठ कर्म कर जीवन को सफल बनाना चाहिए। नशे जैसे बुरे कर्मों से दूर रहना चाहिए।

## होली उत्सव : 'आएगा वो आएगा नीले घोड़े चढ़ सांवरा आएगा' भजन पर झूमे श्यामभक्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

गुरुकृपा मंडल द्वारा होली उत्सव हुडा सेक्टर निवासी शीतल मदान के निवास स्थान पर आयोजित किया गया। मदान परिवार ने ज्योति प्रचंड करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उसके बाद भारत टूटेजा ने गणेश वंदना, गुरु वन्दना के साथ कार्यक्रम की शुरुआत की। उसके बाद ममता तनेजा ने 'मैं तेरी मैं तेरी वे श्यामा मैं तेरी, बिन पिये नशा हो जाता है' भजन से माहौल को भक्तिमय कर दिया। श्याम प्रेमी सुनील मदान ने 'बोलो बोलो प्रेमियों श्याम बाबा की जय, आयेगा वो आयेगा नीले घोड़े चढ़ सांवरा आयेगा' आदि सुंदर-सुंदर भजनों से रसमय माहौल बना दिया। टी सीरिज कलाकार भारत टुटेजा ने 'प्रीतम बोलो कब आओगे, राधे राधे बोल श्याम आयेंगे, आशा रख पगली वो आयेंगे', 'श्यामा होली खेलन आईया तेरिया सालिया वे, पावा तेरे उते रंग वे ओ सांवरे' आदि सुंदर भजनों से सभी को नाचने पर मजबूर कर दिया। इस दौरान शिल्पा मेहता, पायल मदान, दीपा, ममता तनेजा, माही शर्मा, अलका खनेजा, पूनम सरदाना, सविता, मीनू, ललिता, पूजा, अनु, लविश सहित अन्य लोग मौजूद थे। मदान परिवार में गुरुकृपा मंडल के सभी सदस्यों का आभार जताया और भारत टुटेजा को विशेष सम्मानित किया। उसके बाद आरती करके सत्संग का विश्राम किया।


**फतेहाबाद।** होली उत्सव पर भारत टुटेजा को सम्मानित करते महिला श्रद्धालु। फोटो : हरिभूमि

## न्यूज डायरी

### शहीदांवाली में खेत से हजारों का सामान चोरी

**फतेहाबाद।** चोरों ने गांव शहीदांवाली में एक खेत में घुसकर वहां से हजारों रुपये का सामान चोरी कर लिया। इस बारे किसान द्वारा दरियापुर पुलिस चौकी में शिकायत दर्ज करवाई गई है। पुलिस को दी शिकायत में गांव शहीदांवाली निवासी संदीप कुमार ने कहा है कि वह खेतीबाड़ी का काम करता है और गांव के पास ही उसका खेत है। उसने अपने खेत में सौर ऊर्जा की मोटर लगाई हुई है। किसान ने कहा कि रात को अज्ञात चोर उसके खेत में घुस गया और वहां से सोलर मोटर का स्टार्टर, करीब 100 फुट केबल, सोलर मोटर, पंखा सहित हजारों का सामान चोरी कर ले गया है। सुबह जब वह खेत में गया तो उसे चोरी का पता चला। इस पर उसने पहले आसपास तलाश की लेकिन जब सामान का कुछ पता नहीं चला तो उसने पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई। इस मामले में सदर फतेहाबाद पुलिस ने केस दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू कर दी है।

### महिला से फोन छीनने के आरोपी को किया गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** टोहाना पुलिस ने एक महिला से मोबाइल छीनने के मामले में कार्रवाई करते हुए एक युवक को गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है। पकड़े गए युवक की पहचान जसवीर सिंह उर्फ गंजू पुत्र बिंदर राम निवासी मनियाना जिला संगरूर, पंजाब के रूप में हुई है। थाना शहर टोहाना प्रभारी ने बताया कि इस बारे पुलिस ने 26 फरवरी 2024 को कुलदीप कौर निवासी मसाला फैक्ट्री, टोहाना की शिकायत पर केस दर्ज किया था। शिकायतकर्ता के अनुसार वह बच्चे के लिए दवाई लेने मेडिकल स्टोर जा रही थी। जैसे ही वह दमकौरा रोड पर मुकुल गैस एजेंसी के पास पहुंची तो मोटरसाइकिल पर आए दो युवक उससे झपटा मारकर उसका मोबाइल फोन छीनकर शहर की तरफ फरार हो गए। मोबाइल के कवर में करीब 2 हजार रुपये की नकदी भी थी। इस मामले में टोहाना पुलिस ने केस दर्ज किया और जांच अधिकारी ने आरोपी बारे अहम सुराग जुटाते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार कर उससे पूछताछ शुरू कर दी है।

### अलग-अलग स्थानों से मोटरसाइकिल व गाड़ी चोरी

**सिरसा।** जिला में अलग-अलग स्थानों से चोर एक बाइक व गाड़ी चोरी कर ले गए। पुलिस को दी शिकायत में पहले मामले में कांडा कॉलोनी निवासी मोनू ने बताया कि उसने बीती 22 फरवरी की रात्रि को अपनी गाड़ी घर के बाहर खड़ी की थी। देर रात्रि को चोर गाड़ी चोरी कर ले गए। सुबह उन्हें घटना का पता चला। दूसरे मामले में पटेल बस्ती निवासी अमीलाल ने बताया कि वह रानियां रोड स्थित तारा बाबा कुटिया में पत्नी व बेटे के साथ कथा सुनने के लिए बाइक लेकर गया था। बाइक कुटिया के सामने गली में खड़ी की थी। कथा सुनने के बाद आया तो बाइक गायब मिली। उन्होंने अपने स्तर पर काफी तलाश की लेकिन कोई सुराग नहीं लगा। जिसके बाद पुलिस को सूचित किया गया। पुलिस ने शिकायत के आधार पर केस दर्जकर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

### अखिल भारतीय सेवा संघ के जिलाध्यक्ष बने सूरज बंसल

**सिरसा।** अखिल भारतीय सेवा संघ सिरसा शाखा की निजी पैलेस में प्रांतीय अध्यक्ष डॉ. इंद्र गोयल की अध्यक्षता में 2025-26 की कार्यकारिणी गठित हुई, जिसमें सूरज बंसल को अध्यक्ष बनाया गया। उनके अलावा संजीव मेहता को वरिष्ठ उपाध्यक्ष तथा रवि ग्रोवर, पवन नरूला, चेतन मेहता, मदन लूथरा और सीए ईशु बंसल को उपाध्यक्ष बनाया गया। अशोक चाचान को सचिव और अशोक अरोड़ा, कमल शर्मा एवं जोगिंद्र सभरवाल को सहसचिव, हरीश कटारिया को कोषाध्यक्ष एवं गोविंद मेहता को सहकोषाध्यक्ष बनाया गया। इसके साथ-साथ कृष्ण अरोड़ा को पीआरओ बनाया गया। निदेशक मंडल में डॉ. इंद्र गोयल, मुकेश वर्मा, राजेश तनेजा, जितेंद्र बंसल, परविंद्र ठठई, आकाश सैन, प्रमोद सचदेवा, निलेश बंसल, निर्मल बजाज, जगसीर मालवा एवं अमर साहुवाला को स्थान दिया गया। इस अवसर पर जानकारी दी गई कि 16 मार्च को संघ का प्रांतीय अधिवेशन हिसार में होगा। इस दौरान 23 मार्च को परिवार मिलन समारोह को लेकर भी चर्चा की गई। बैठक में मुकेश वर्मा ने भी संगठन की गतिविधियों पर प्रकाश डाला। बैठक में राजेश गनेरीवाला, वीरेंद्र रातुसरिया, अनिल सांखूवाला, ओंकार कक्कड़, पी.के सिंगल, भूषण बंसल और अन्य सदस्य मौजूद थे।

## बाहर की स्वच्छता के साथ, अंदर की स्वच्छता भी जरूरी: सुदीक्षा महाराज

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरसा

संत निरंकारी मिशन के प्रोजेक्ट अमृत के अंतर्गत स्वच्छ जल-स्वच्छ मन परियोजना के तृतीय चरण के तहत रेलवे स्टेशन, रेलवे अस्पताल व साथ जुड़े भवनों में स्वच्छता अभियान चलाया गया, जिसमें निरंकारी सेवादल के सैकड़ों स्वयंसेवकों ने पूरी तन्मयता से सफाई की। सुदीक्षा ने अपने संदेश में कहा कि जल अमृत है और सबसे जरूरी प्राकृतिक उपहार है, इसको स्वच्छ रखना और इसका संरक्षण करना हमारी सभी की जिम्मेदारी है। इन सेवाओं को अगर मन से किया जाएगा, तभी ये सेवा कहलाती हैं वरना ये सिर्फ एक दिन की क्रियाएं बन कर रह जाती है। उन्होंने कहा कि जैसे बाहर



की स्वच्छता जरूरी है उसी तरह हमारे मन की स्वच्छता भी जरूरी है। उन्होंने आह्वान किया कि जल संरक्षण को सिर्फ एक दिन का अभियान न समझ कर हर दिन का अभियान समझें और जरूरत से ज्यादा जल का इस्तेमाल न करते हुए इसे व्यर्थ होने से बचाएं।

## माडूराम आर्य की 108वीं जयंती पर महासम्मेलन 9 को गोरखपुर में

हरिभूमि न्यूज ⏭ भूना

समाज सुधारक और स्वतंत्रता सेनानी माडूराम आर्य की 108वीं जयंती गोरखपुर इलाका खाप पंचायत द्वारा धूमधाम से मनाई जाएगी। इस अवसर पर 9 मार्च को महासम्मेलन होगा। इसमें पर्यावरण रक्षा और नशा मुक्ति सहित विभिन्न सामाजिक मुद्दों पर चर्चा होगी। यह निर्णय सोमवार को श्रीमाडूराम आर्य स्मारक भवन गोरखपुर में हुई बैठक में लिया गया। बैठक की अध्यक्षता जगदीश सहारण ने की। पूर्व सरपंच जगदीश जैलदार ने कहा कि महापुरुषों के आदर्शों पर चलकर उनकी शिक्षाओं को आगे बढ़ाना चाहिए। माडू राम आर्य विद्या प्रसार ट्रस्ट के प्रधान शमशेर आर्य ने आयोजन पर प्रसन्नता जताई और कहा कि माडूराम आर्य ने अपने जीवन में जीव और पर्यावरण रक्षा तथा नशाखोरी के खिलाफ जन जागरूकता अभियान चलाया था। इसे कायम रखना जरूरी है। महासम्मेलन को सफल बनाने के लिए फकीरचंद धायल के संयोजन में कमेटी गठित की गई।

**वार्षिकोत्सव** कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन और सरस्वती वंदना के साथ किया गया

# डीएवी पुलिस स्कूल में धूमधाम से मनाया वार्षिक उत्सव एसपी ने विद्यार्थियों को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल में वार्षिकोत्सव 'अभ्युदय... उन्नति से नए आयामों की ओर' को हर्षोल्लास और भव्यता के साथ मनाया गया। यह वार्षिकोत्सव न केवल छात्रों की प्रतिभा को निखारने का अवसर बना, बल्कि यह विद्यालय की उपलब्धियों को भी प्रदर्शित करने का मंच साबित हुआ।

कार्यक्रम का शुभारंभ पारंपरिक रीति-रिवाजों के अनुसार दीप प्रज्वलन और सरस्वती वंदना के साथ किया गया। विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्य, गणमान्य अतिथि, अभिभावक और शिक्षक इस शुभ



फतेहाबाद। डीएवी पुलिस स्कूल में वार्षिक उत्सव में विद्यार्थियों को सम्मानित करते अतिथिगण। फोटो : हरिभूमि

अवसर के साक्षी बने। कार्यक्रम का शुभारंभ बतौर मुख्यअतिथि पहुंची फतेहाबाद की पुलिस अधीक्षक आस्था मोदी, सुनीता मदान तथा कुसुम शर्मा ने दीप प्रज्वलित करके किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य अरुण शर्मा ने आए हुए अतिथियों का स्वागत किया और वार्षिक प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए विद्यालय की विभिन्न उपलब्धियों को साझा किया। उन्होंने बताया कि इस वर्ष विद्यालय ने शिक्षा, खेलकूद और सांस्कृतिक गतिविधियों में राजकीय स्तर के साथ-साथ राष्ट्रीय स्तर पर भी सम्मान अर्जित किया है।

इस अवसर पर छात्रों द्वारा प्रस्तुत नृत्य, गायन से लोगों में जागरूकता का संदेश दिया। विद्यालय के नन्हे-मुन्ने बच्चों द्वारा प्रस्तुत नृत्य और गायन की प्रस्तुति ने कार्यक्रम को और भी खास बना दिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए एसपी आस्था मोदी ने विद्यालय के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि शिक्षा के साथ-साथ सह-शैक्षणिक गतिविधियां बच्चों के व्यक्तित्व विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। उन्होंने छात्रों को मेहनत और अनुशासन के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। समारोह के दौरान शिक्षा, खेल और सांस्कृतिक गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को पुरस्कृत किया गया। विद्यालय के सर्वश्रेष्ठ छात्र, सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी और अन्य विशेष उपलब्धियों के लिए ट्रॉफी और प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय प्रधानाचार्य अरुण शर्मा ने गरिमामयी उपस्थिति के लिए अतिथि महानुभावों के साथ सभी अभिभावकों और विद्यार्थियों को धन्यवाद दिया और डीएवी गान के साथ इस शानदार समारोह का समापन हुआ।

# सेंट जोसफ इंटरनेशनल स्कूल में पारितोषिक समारोह आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

टोहाना के भूना रोड स्थित सेंट जोसफ इंटरनेशनल स्कूल में वार्षिक पारितोषिक समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में इंटरनेशनल हेरिटेज रिसर्च एंड एजुकेशन सोसायटी की मुख्य प्रशासिका डॉ. श्रेया सिंह ने मुख्य अतिथि के तौर पर शिरकत की। कार्यक्रम की शुरूआत में एनसीसी के बच्चों द्वारा मार्च पास्ट के माध्यम से मुख्य अतिथि को स्टेज तक लाया गया। मंच संचालन अध्यापिका कनिका तथा छात्रा केजिया व हरमीन ने किया। प्राचार्या मारिलीन लुईस ने बताया कि वार्षिक पारितोषिक समारोह में पढ़ाई में अग्रणी रहे बच्चों, खेलों में उपलब्धियं हासिल करने वाले बच्चों


**फतेहाबाद।** वार्षिक समारोह में प्रस्तुति देती छात्राएं। फोटो : हरिभूमि

तथा इसके अतिरिक्त विशेष उपलब्धियं हासिल करने वाले बच्चों को सम्मानित किया गया। इस बार समारोह की थीम इंडिया रखी गई थी, जिसमें विद्यार्थियों ने अलग-अलग राज्यों की संस्कृति से संबंधित प्रस्तुतियां दी व अंत में देश को आजाद करवाने वाली हस्तियों पर की गई कोरियोग्राफी ने अभिभावकों का मन मोह लिया। मुख्य अतिथि डॉ. श्रेया सिंह ने कहा कि स्कूल ने हर वर्ष की भांति गत वर्ष भी बहुत उपलब्धियं हासिल की। बारहवीं कक्षा की छात्रा अर्चिता और एशमिन का टोहाना में टॉप करना, जपनाम सिंह की शुटिंग प्रतियोगिता में नेशनल स्तर पर भागीदारी के लिए सम्मानित किया।